तापमान

अधिकतम 28.1 डिग्री

न्यूनतम 15.9 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, रविवार 4 जनवरी 2026


# इंदौर कांड के बाद रायपुर में अलर्ट, दस जोन से रिपोर्ट मांगी गई, नाली के भीतर पाइपलाइन बदलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दूषित पानी पीने से हाहाकार मचा है। इंदौर कांड के बार रायपुर नगर निगम ने सभी दस जोन की जांच शुरू की है। रिपोर्ट मांगी गई है। वहीं हरिभूमि ने शहर का जायजा लिया। कई जगह हालात खतरनाक मिले। भागीरथीपुरा में जहां गंदे नाले और नालियों के बीच से होकर पाइप लाइन निकली है, पानी दूषित होने और उसका सेवन करने से मासूमों सहित कई लोगों की जिंदगी चली गई। रायपुर में भी इंदौर की तरह जगह-जगह नाली और नालियों के भीतर से पाइप लाइन निकली है, ऐसे में हमको चेतने की जरूरत है। अभी नहीं चेते तो इंदौर कांड की पुनरावृत्ति होते देर नहीं लगेगी। ▶▶|शेष पेज 13 पर

## लीकेज का खतरा, पाइप लाइन शिफ्टिंग का काम अधर में



**केस 1**

### मौदहापारा

शहीद हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड में जयस्तंभ चौक से फाफाडीह रोड पर मौदहापारा केनाल रोड के किनारे से ही सबसे बड़ा नाला निकला है। इस नाले के बीच में मुख्य पाइप लाइन आधी डूबी हुई है। ऊपर कचरे का ढेर लगा हुआ है। इस जगह पर लीकेज हुआ, तो लोगों की सेहत दांव पर लगना तय है। इसी तरह बाम्बे मार्केट से सुभाष नगर होते हुए नाला वृंदावन कांप्लेक्स ▶▶|शेष पेज 13 पर

**केस 2**

### सेल्स टैक्स कालोनी महामाया विहार में गंदा पानी

महर्षि वाल्मिकी वार्ड स्थित महामाया विहार में पुरानी पाइप लाइन लीकेज होने से नाली का गंदा पानी रिसकर जा रहा है। पिछले 15 दिनों से यह स्थिति बनी रही। गंदा और बदबूदार पानी आने पर लोगों ने वार्ड पार्षद प्रभा-मनोज विश्वकर्मा के साथ मिलकर इसकी शिकायत जोन दफ्तर में की। शिकायत मिलने ▶▶|शेष पेज 13 पर

**केस 3**

### रहमानिया चौक में नाली में डूबी पाइप



राजधानी रायपुर के रहमानिया चौक में नाली में पेयजल पाइप लाइन डूबी हुई है। इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। नाली सफाई नहीं होने से उसमें फैली गंदगी सड़क पर बहने की नौबत आई। यदि पानी सप्लाई पाइप लाइन में लीक हुई, तो शहरवासियों के बीमार होने का खतरा बढ़ ▶▶|शेष पेज 13 पर

### *सभी जोन से मंगा रहे प्रस्ताव*

*इंदौर की घटना को देखते हुए शहर में नाली और नाले ऊपर से गई पेयजल पाइप लाइन को सुरक्षित जगह पर शिफ्टिंग के संबंध नगर निगम के सभी दस जोन से प्रस्ताव मंगा रहे हैं, ताकि आम जनता को शुद्ध पेयजल सतत रूप से मिलता रहे। इसके लिए जल्द ही मुख्यालय से सभी जोन को पत्र जारी होगा। शहरवासियों से अपील है, यदि उनके इलाके में पाइप लाइन लीकेज की समस्या है, तो संबंधित जोन को इसकी सूचना दें।*

*- **कृष्णा खटिक**, अपर आयुक्त, जल विभाग नगर निगम रायपुर*

**84 हजार की मृत्यु**

# एसआईआर में 5 लाख 11 हजार 136 वोटरों के नाम कटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जारी हुई प्रारंभिक मतदाता सूची के अनुसार रायपुर जिले में कुल 5 लाख 11 हजार 136 वोटरों के नाम कटेंगे। इनमें 84 हजार 2 वोटरों की डेथ हो चुकी है, वहीं 3 लाख 87 हजार 330 वोटर दूसरे जिलों के रहवासी हो चुके हैं। हालांकि इन वोटरों को फार्म-6 ▶▶|शेष पेज 13 पर

### जिला छोड़ चुके करीब 20 हजार वोटर फार्म-6 भर चुके

आंकड़ों के अनुसार 23 दिसंबर 2025 की अवधि तक जिला छोड़कर दूसरे जिलों में रहने वाले 387330 वोटरों में से करीब 20 हजार वोटरों ने फार्म-6 भर कर जमा भी कर दिए थे। इनमें ऑफलाइन और ऑनलाइन फार्म भरे गए थे। इस तारीख के बाद से अब तक ▶▶|शेष पेज 13 पर

**खोंगसरा क्षेत्र में हुई घटना**

# अमरकंटक जा रही कार पेड़ से टकराई, शहर के दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बिलासपुर-कोटा मार्ग पर तेज रफ्तार कार के पेड़ में टकराने से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। एक्सीडेंट में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है, मृतक तथा घायल रायपुर खम्हारडीह थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। कार सवार युवक पूर्णिमा स्नान करने अमरकंटक जा रहे थे। इस दौरान कार का एक्सीडेंट हुआ। घटना शनिवार सुबह नौ बजे के आसपास की है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक तथा ▶▶|शेष पेज 13 पर

**रायपुरा का पुष्प वाटिका मैरिज गार्डन सील**

# बकाया जमा करने में कोताही, 7 व्यावसायिक परिसर पर निगम का ताला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम ने नए साल की शुरुआत के साथ बड़े बकायादारों के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। जोन 8 के राजस्व विभाग ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतिम नोटिस के बाद भी बकाया राशि भुगतान नहीं करने पर संबंधित 7 व्यावसायिक परिसरों को ताला लगाकर सीलबंद कर दिया। इन संस्थानों पर नगर निगम का कुल 71 लाख 1 हजार 56 रुपए टैक्स बकाया है। इनमें रायपुरा स्थित पुष्प वाटिका मैरिज गार्डन भी शामिल है, जिस पर 46 लाख रुपए का टैक्स बकाया है। संत रविदास वार्ड के अंतर्गत आने वाले इस मैरिज गार्डन के संचालक सत्येन्द्र बिसेन और इंद्रजीत बिसेन द्वारा डिमांड बिल और अंतिम नोटिस के बाद भी राशि जमा न करने पर निगम की टीम ने तत्काल प्रभाव से गार्डन को सील कर दिया।

निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा ▶▶|शेष पेज 13 पर

### इन बड़े बकायादारों के व्यावसायिक परिसर पर लटका ताला

- राहुल धारीवाल- 18 लाख 17 हजार 223 रुपए
- देवीलाल शर्मा- 10 लाख 10 हजार 705 रुपए
- प्रीतम सिंह- 5 लाख 23 हजार 112 रुपए
- हरवंश सिंह व अन्य- 4 लाख 46 हजार 911 रुपए,
- अशोक कुमार विजय कुमार व अन्य- 2 लाख 23 हजार 160 रुपए
- आदिल खान- 1 लाख 39 हजार 493 रुपए

# दुर्लभ कैंसर के कारण सांस लेने में थी तकलीफ, डाक्टरों ने बचाई मरीज की जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्लभ कैंसर की वजह से युवक को सांस लेने में तकलीफ थी, एम्स में इलाज की लंबी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आंबेडकर अस्पताल पहुंचे मरीज का ऑपरेशन कर ट्यूमर बाहर निकालकर उसकी जान बचा ली गई। युवक को मेडियास्टाइनल जर्म सेल नामक ट्यूमर था। लगभग चार घंटे चली लंबी सर्जरी के बाद कैंसर के साथ कार्डियक सर्जरी के डाक्टरों की टीम ने गांठ को बाहर निकाला। पूर्व में मरीज का उपचार एम्स के कैंसर विभाग में चल रहा था, जहां बायोप्सी जांच में ▶▶|शेष पेज 13 पर

- **आंबेडकर अस्पताल में हुआ मेडियास्टाइनल जर्म सेल ट्यूमर का इलाज**

### *संयुक्त प्रयास से सफलता*

*पं. जेएनएम मेडिकल कालेज के डीन डा. विवेक चौधरी ने बताया कि अस्पताल में कैंसर उपचार के लिए सभी उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। मरीज का इलाज कैंसर सर्जरी, हार्ट सर्जरी, निश्चेतना एवं अन्य सहयोगी विभागों के सामूहिक प्रयास से सफल हुआ। अस्पताल अधीक्षक डा. संतोष सोनकर बताया कि गांठ बाएं फेफड़े, एओर्टिक आर्च और पल्मोनरी ट्रंक से चिपकी हुई थी, जिसे हमारे सर्जन्स ने निपुणता के साथ निकाला।*


Present by RK GROUP

स्पेशल ब्रेकिंग न्यूज़

SALE

सेल सिर्फ 2 दिन

रविवार एवं सोमवार

First Time in Hotel Babylon Capital, 4 & 5 January, VIP, Chowk, Raipur (C.G.)

इतना सस्ता बेचने का कारण ?

Flipkart Myntra amazon

ऑनलाईन कंपनियों में ओवर स्टॉक हो जाने के कारण अब सारा स्टॉक ऑफलाईन होटल बेबीलोन केपिटल में 2 दिन में बेचकर खत्म किया जावेगा।

रायपुर के होटल बेबीलोन केपिटल में वो होने जा रहा है, जो पहले कभी नहीं हुआ

सभी रिटेल ग्राहकों को डायरेक्ट 90% तक डिस्काउंट पर बिक्री

TOMMY HILFIGER, VAN HEUSEN, LACOSTE, BALMAIN PARIS, spykar, Pepe Jeans LONDON, Reebok, Calvin Klein, RARE RABBIT, NAUTICA, MONTE CARLO, SWEET DREAMS, HUGO BOSS, Raymond, PUMA, adidas, NIKE, BIBA



इन सभी गारमेन्ट्स की बिक्री 100% इन्ही रेटों पर की जायेगी जो नीचे दिए गए है।

मेन्स वियर : स्वेटर, विंटर टी-शर्ट, जैकेट, हुडीज़, जींस, शर्ट, टी-शर्ट, ट्राउजर, लोअर शॉर्ट्स, कुर्ता, पायजामा, शेरवानी, कोटी, ब्लेजर ₹ 2,000 से ₹ 20,000 तक की कीमत वाले ₹ 250 से ₹ 750 और ₹ 1,200 तक में उपलब्ध

लेडिज़ एवं गर्ल्स वियर : स्वेटर, विंटर टी-शर्ट, विंटर जैकेट, जैकेट, हुडीज़, कोट सेट, टॉप, कुर्ती, प्लाजो, जींस, शर्ट, टी-शर्ट, ट्राउजर, लोअर, शॉर्ट्स, और लेगिंग्स, वन पीस, पार्टी वियर सूट ₹ 1,000 से ₹ 7,000 तक की कीमत वाले ₹ 100 से ₹ 299 और ₹ 400 से ₹ 850 तक में उपलब्ध

किड्स वियर : जींस, शर्ट, टी-शर्ट, ट्राउजर, लोअर, फ्रॉक, शॉर्ट्स, और बहुत कुछ... ₹ 1,000 से ₹ 5,000 तक की कीमत वाले ₹ 299 से ₹ 499 तक में उपलब्ध

ब्रांडेड फुटवेयर : जेंट्स, लेडीज, किड्स-स्पोर्ट्स शू, लेदर शू, ट्रेकिंग शूज, सैंडल, स्लीपर, बेली ₹ 1,000 से ₹ 5,000 तक की कीमत वाले इस महासेल में ₹ 350 से ₹ 1500 में उपलब्ध ₹ 8,000 से ₹ 40,000 कीमत वाले ब्रांडेड जूते कीफायती दाम पर

होम डेकोर एवं स्पेशल काउंटर : गागल्स, इम्पोर्टेड ब्रांडेड वॉचेस, परफ्यूम, लेडिस बैग, बेड शीट, तौलिया मेन्स ज्वेलरी, लेडिस ज्वेलरी और बहुत कुछ... ₹ 1,000 से ₹ 7,500 रुपये तक की कीमत वाले इस महासेल में ₹ 199 रुपये से शुरू...

2000 से 12000 तक में बिकने वाले प्रीमियम विंटर गारमेन्ट्स चुनकर लीजिए मात्र 200 रुपये से 1200 रुपये में

India's Biggest Winter Garments Exhibition

याद रहे बिक्री सिर्फ 2 दिन ही रहेगी 4 एवं 5 जनवरी यानी रविवार एवं सोमवार

रायपुर में लगी अन्य नकली सेलो से रहे सावधान हमारी कंपनी की ओरिजिनल बिक्री सेल रायपुर के होटल बेबीलोन केपिटल में ही लगी है

स्थान - होटल बेबीलोन केपिटल

वी.आई.पी. चौंक, ओसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, रायपुर

RK GROUP (Factory Outlet) Branded Store

कोई एंट्री फीस नहीं, कोई पार्किंग चार्ज नहीं | समय- सुबह 10 से रात 10 बजे तक

हमारे एक्ज़ीबिशन एवं नये स्टॉक की जानकारी हेतु हमारे इंस्टाग्राम पेज को फॉलो करें :

ALL MAJOR DEBIT & CREDIT CARD ACCEPTED

*Terms & Condition Apply

नोट : 1. कंपनियों के दबाव के कारण हम सभी प्रोडक्ट के ब्रांड के नाम न्यूज पेपर में प्रकाशित नही कर सकते। 2. रायपुर की जनता से निवेदन है कि इस बिक्री को किसी भी हालत में मिस ना करें। 3. हमारा दावा है कि इस बिक्री के बाद कभी भी इतने बड़े ब्राण्ड इतने सस्ते खरीदने को नहीं मिलेंगे। 4. जिस काऊन्टर का स्टॉक खत्म हो जाएगा वो काऊन्टर तुरंत बंद कर दिया जायेगा। 5. कृपया हॉल में शांति बनाएं रखें।

## खबर संक्षेप

### दुर्गानगर मामले पर ओछी राजनीति न करें कांग्रेसी

**रायपुर।** मनोनीत पार्षद एवं भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य टीटी बेहरा ने ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि सिविल लाइंस वार्ड के दुर्गानगर में हाउसिंग बोर्ड की महत्वपूर्ण परियोजना का क्रियान्वयन होना है। इस पर काबिज 130 मकानों का हाउसिंग बोर्ड ने नगर निगम के नियमानुसार पैसा भी जारी कर दिया है। दुर्गानगर में निवासरत 130 लोगों को कचना के अटल आवास में आवंटन दे दिया गया है। इस मामले में क्षेत्रीय विधायक आमजनों के संबंध में वित्तमंत्री को पत्र लिख चुके हैं। इसके बावजूद विधायक को बदनाम करने के लिए कुछ कांग्रेस गलत बयानबाजी कर रहे हैं। उन्हें जनहित के मामले में ओछी राजनीति नहीं करनी चाहिए।

### विकास को मिली सच बोलने की सजाः भाजपा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कांग्रेस नेता विकास तिवारी को पद से हटाने को 'सच बोलने की सजा' बताया है। श्री दीपक ने कहा,



कांग्रेस दूसरों पर कीचड़ उछालने की राजनीति तो खूब करती है, लेकिन अपने कीचड़ सने हाथों की सफाई की नसीहत कांग्रेस को कितनी नागवार गुजरी, यह श्री तिवारी को पद से हटाए जाने से पूरे प्रदेश को पता चल गया। लोकतंत्र की हत्या होने की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी में खुद आंतरिक लोकतंत्र की कमी है और किसी भी कार्यकर्ता द्वारा प्रश्न उठाना कांग्रेस पार्टी को स्वीकार नहीं है। श्री दीपक ने कहा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का नार्को टेस्ट कराने का शोर मचाते कांग्रेस नेताओं को अपना नार्को टेस्ट कराने में इतनी बेचैनी क्यों हो रही है।

### मंत्री की निष्क्रियता पर सवाल उठाना समाज के गौरव पर हमला नहीं

**रायपुर।** बिलासपुर के लिंगियाडीह की सभा में डिप्टी सीएम अरुण साव की कार्यशैली को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान को जातिगत रंग देने के प्रयास की कड़ी निंदा करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री डॉ. अजय साहू ने कहा है कि वर्तमान सरकार के एक जिम्मेदार उपमुख्यमंत्री, जो पीडब्ल्यूडी विभाग के मंत्री भी हैं, उनके द्वारा किए जा रहे दावे और बिलासपुर की राजनीति में उनकी सक्रियता की नौटंकी से जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। इसी संदर्भ में प्रचलित बंदर की कहानी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुनाई, यह बयान किसी जाति, धर्म, संप्रदाय या संस्थान के खिलाफ कदापि नहीं है। मंत्री की अक्षमता छुपाने के लिए इस तरह से समाज का आड़ लेकर जवाबदेही से बचने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। जिस बिलासपुर में उप मुख्यमंत्री अरुण साव अपनी राजनीतिक सक्रियता दिखाते हैं, वहां गरीबों के सैकड़ो मकानों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है, 40 दिन से जनता आंदोलित है, मंत्री को उस पर जवाब देना चाहिए।

### सतनामी समाज का परिचय सम्मेलन आज

**रायपुर।** गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से राजधानी के हृदय स्थल शहीद स्मारक भवन में 4 जनवरी को सुबह 10 बजे से सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए राष्ट्र स्तरीय हाईटेक विशाल परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें मनपसंद भावी जीवनसाथी की तलाश में छग सहित कई प्रांतों से बड़ी संख्या में नवयुगल प्रतिभागी अपने परिजनों के साथ राजधानी पहुंच रहे हैं, जहां बड़ी संख्या में वैवाहिक रिश्ते जुड़ेंगे। आयोजन समिति संरक्षक शकुन डहरिया, अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि इस बार राजधानी में दसवें वर्ष का आयोजन होने जा रहा है, जिसका प्रसारण बड़ी एलईडी स्क्रीन के साथ-साथ फेसबुक लिंक के माध्यम से इसे पूरे देशभर में लाइव किया जाएगा, जिसका लिंक सोशल मीडिया पर जारी कर दिया गया है। इस दौरान रिश्ते पसंद आने पर उन्हें मांग के अनुरूप अलग से बायोडाटा उपलब्ध कराया जाएगा।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद मिलेगा प्रदेश भाजपा को नया प्रभारी, संगठन करेगा तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन के भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद अब छत्तीसगढ़ के प्रदेश भाजपा संगठन को नया प्रदेश प्रभारी मिलना लगभग तय हो गया है।

■ नितिन नवीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के कारण होगी नई नियुक्ति

इस माह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही नए प्रदेश प्रभारी की नियुक्ति होने की संभावना है। इसका जिम्मा किसे दिया जाएगा, इसको लेकर प्रदेश भाजपा संगठन के नेताओं के पास कोई जानकारी नहीं है। इनका कहना है, जो भी होगा राष्ट्रीय संगठन तय करेगा। एक बात तय मानी जा रही है कि किसी ऐसे नेता को प्रदेश का प्रभारी बनाया जाएगा जो 2028 में होने वाले विधानसभा के चुनाव में भी अहम भूमिका निभा सके।

प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार लाने के पीछे जहां भाजपा के प्रदेश प्रभारी



ओम माथुर का बड़ा हाथ रहा, वहीं सह प्रभारी के रूप में चुनाव के समय में काम करने वाले नितिन नवीन का भी अहम रोल रहा। विधानसभा चुनाव के बाद नितिन नवीन को छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी बना दिया गया था। उनके नेतृत्व में यहां पर लोकसभा के चुनावों के बाद नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव हुए तो इसमें भाजपा को बड़ी सफलता मिली। अब श्री नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया गया है तो यह माना जा रहा है कि उनके स्थान पर छत्तीसगढ़ में प्रदेश प्रभारी का जिम्मा किसी दूसरे नेता को दिया जाएगा। अब ये दूसरे नेता कौन होंगे, इसका फैसला तो राष्ट्रीय संगठन ही करेगा। इस माह 20 जनवरी से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होने की संभावना है। इस चुनाव में छत्तीसगढ़ की अहम भूमिका होगी। छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य भी प्रस्वातक और समर्थक बनेंगे। नितिन नवीन को ही पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद भाजपा का राष्ट्रीय संगठन कई राज्यों के प्रदेश प्रभारी तय करेगा तो उसी के साथ छत्तीसगढ़ का भी नया प्रदेश प्रभारी तय होगा।

## शहर में बढ़े 561 मतदान केंद्र, औसत मतदाता घटकर हुए 550

# मतदान केंद्र बढ़ने के साथ ही बूथ में औसत मतदाताओं की संख्या हजार से भी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

छत्तीसगढ़ में एसआईआर के साथ ही निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्र बढ़ाने का निर्णय लिया है। मतदान केंद्रों में औसत मतदाता की संख्या को कम करने का निर्णय लिया गया है। पहले यह संख्या 1200 से 1500 के बीच होती थी, जो घटकर अब 550 से 800 तक हो जाएगी। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के अनुसार, नए मतदान केंद्र मुख्य रूप से उन इलाकों में बनाए जा रहे हैं, जहां जनसंख्या घनत्व बढ़ा है या प्रति बूथ मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक हो गई है। जिन क्षेत्रों में भौगोलिक कठिनाइयों के कारण मतदान नहीं कर पाए थे, वहां भी विशेष रूप से केंद्र स्थापित किए गए हैं। अब किसी भी मतदाता को दो किमी से अधिक दूरी मतदान के लिए नहीं तय करनी होगी।

प्रदेश में पूर्व में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 24371 थी, 2828 नए मतदान केंद्र बनाए जाने से यह बढ़कर 27199 हो जाएगी। राज्य के कुल मतदाताओं की संख्या के अनुपात में औसत मतदाताओं की संख्या हर मतदान केंद्र में घट जाएगी।बताया जाता है कि एसआईआर के पहले जो सूची थी उसमें 2 करोड़ 12 लाख मतदाता थे। निर्वाचन आयोग ने जो पुनरीक्षित सूची जारी की है उसमें नए केंद्रों का उल्लेख किया है।मतदाताओं को अपना नाम खोजने में दिक्कत हो रही है। बताया गया है कि एसआईआर के अंतिम मतदाता सूची आने के बाद कुल मतदाता संख्या में कमी आने की संभावना है। ऐसे में प्रति मतदान केंद्र में मतदाताओ की और संख्या काफी कम हो जाएगी।



### शहर के अधिकतर मतदान केंद्रों में औसत 500-600 मतदाता

रायपुर शहर के अंतर्गत रायपुर ग्रामीण, रायपुर पश्चिम, रायपुर उत्तर एवं रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ा दी गई है। रायपुर ग्रामीण में जहां पूर्व में 327 मतदान केंद्र थे, अब उनकी संख्या 491 कर दी गई है। इसी प्रकार रायपुर पश्चिम में 283 से बढ़ाकर 385, रायपुर उत्तर में 204 से बढ़ाकर 259 तथा रायपुर दक्षिण में 253 से बढ़ाकर 344 मतदान केंद्र कर दिए गए हैं। इन आंकड़ों का विश्लेषण करें तो अधिकांश मतदान केंद्रों में औसतन केवल 500 से 600 मतदाता ही दर्ज हैं। वहीं कई बूथों पर यह संख्या 200 से 230 तक सिमट गई है।

### नाम खोजने और सत्यापन में परेशानी

मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के बाद मतदान केंद्रों की संख्या में परिवर्तन किए जाने से बीएलए को अपने-अपने बूथ पर मतदाताओं का नाम खोजने, सत्यापन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### ग्रामीण और नक्सल प्रभावित जिले शामिल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के नए केंद्रों में लगभग 45 प्रतिशत ग्रामीण इलाकों में और 25 प्रतिशत नक्सल प्रभावित जिलों में बनाए गए हैं। आयोग का उद्देश्य यह है कि किसी भी मतदाता को अपने घर से मतदान केंद्र तक जाने के लिए दो किलोमीटर से अधिक दूरी तय न करनी पड़े। वहीं इस बार दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हर नए मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर, रैंप, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि सभी मतदाता बिना किसी असुविधा के मतदान कर सकें।

# बालोद जंबूरी का टेंडर खुलने से पहले ही काम पूरा : सुबोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में जेम पोर्टल से होने वाली सरकारी निविदाओं की पारदर्शिता एक बार फिर कठघरे में है। सवाल यह नहीं है कि टेंडर में गड़बड़ी हुई या नहीं, सवाल यह है कि क्या टेंडर खुलने से पहले ही यह तय कर लिया गया था कि काम किस कंपनी को मिलना है। बालोद जिले में प्रस्तावित नेशनल लेवल रोवर-रेंजर जंबूरी 2026 के आयोजन को लेकर सामने आए हालात इसी ओर इशारा कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि जानकारी के अनुसार जंबूरी आयोजन का टेंडर 3 जनवरी को सुबह 12 बजे जेम पोर्टल पर खुलना था, लेकिन इससे पहले ही आयोजन स्थल शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बालोद में एक निजी कंपनी ने काम शुरू कर दिया। मौके पर भारत किराया भंडार के ट्रक, सामग्री और श्रमिकों की मौजूदगी ने यह साफ कर दिया कि काम पूरी तैयारी के साथ शुरू हो चुका है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब टेंडर प्रक्रिया पूरी ही नहीं हुई थी, तो कंपनी को किसके आदेश पर काम शुरू करने की छूट मिली। यह भी सवाल उठ रहा है कि जेम पोर्टल जैसी ऑनलाइन और कथित तौर पर पारदर्शी प्रणाली के बावजूद टेंडर की जानकारी पहले ही कैसे लीक हो गई।

### मंत्री और विभागीय अफसरों की भूमिका संदिग्ध

सुबोध हरितवाल ने कहा, मामले को और संदिग्ध तब बना दिया जब टेंडर दस्तावेज में दिए गए संबंधित अधिकारी के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन तय समय पर फोन स्विच ऑफ मिला। सवाल यह भी है कि क्या अधिकारी जवाबदेही से बचने के लिए जानबूझकर संपर्क से दूर रहे। पूरे घटनाक्रम में बड़े पैमाने पर लेन-देन और पूर्व-निर्धारित ठेके की चर्चा भी सामने आ रही है।

# तकनीकी अड़ंगा लगाकर आरक्षित वर्ग के बच्चे छात्रवृत्ति से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

राशन कार्ड से मिसमैच और बैंक खातों में केवाईसी की अनिवार्यता के नाम पर छात्रवृत्ति से वंचित करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की सरकार नहीं चाहती कि गरीब बच्चों को शिक्षा सहायता मिल सके। इसीलिए नई-नई शर्तें लगाकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति की राशि रोकी जा रही है। सरकार की दुर्भावना से अधिसंख्यक छात्र छात्राएं योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं।



गणवेश, साइकिल सहित अन्य सुविधाओं में भी उपस्थिति और अन्य अव्यावहारिक शर्तें लगाकर षड्यंत्रपूर्वक बच्चों को उनके जायज़ हक से वंचित किया जा रहा है। तकनीकी बाधाओं को दूर कर सत्यापन को आसान बनाए और छात्रवृत्ति की राशि बच्चों को तत्काल प्रदान करे सरकार। उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती सरकार के दौरान स्कूली शिक्षा विभाग के द्वारा छत्तीसगढ़ के छात्रों को 30 तरह की योजनाओं के तहत स्कॉलरशिप की राशि दी जाती थी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद उन योजनाओं में अड़ंगेबाजी शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के खाते में इस वर्ष छात्रवृत्ति की राशि अब तक नहीं पहुंचाई है। आधार कार्ड और राशन कार्ड में मिसमैच बताकर कई छात्रों का पंजीयन ही नहीं किया गया, अनेकों छात्र छात्राओ को केवाईसी का बहाना करके योजना से बाहर कर दिया गया।

# नितिन नवीन से मिले प्रदेश के भाजपा नेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से शनिवार को नई दिल्ली में प्रदेश के भाजपा नेताओं ने मुलाकात कर उनको बधाई दी। श्री नवीन से मिलने वालों में अपैक्स बैंक के अध्यक्ष केदार नाथ गुप्ता के साथ भाजपा नेता गौरीशंकर श्रीवास, अमित मैसेरी शामिल हैं।

# मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में 10 जनवरी से कांग्रेस का आंदोलन

## ग्राम और जिला स्तर पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में आंदोलन चलाने की घोषणा की है। ग्रामीण आजीविकाओं पर गंभीर हमले की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस कार्यसमिति ने 27 दिसंबर को हुई अपनी बैठक में सर्वसम्मति से मनरेगा बचाओ संग्राम नामक एक राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया, ताकि काम के अधिकार की रक्षा की जा सके और मनरेगा को उसके मूल अधिकार-आधारित स्वरूप में बहाल किया जा सके।

मनरेगा बचाओ संग्राम 10 जनवरी को जिला स्तरीय प्रेस कॉन्फ्रेंस, 11 जनवरी को एक दिवसीय उपवास एवं प्रतीकात्मक विरोध जिला मुख्यालयों या प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, जैसे महात्मा गांधी या डॉ. बीआर आंबेडकर की प्रतिमाओं के पास, पार्टी नेताओं, निर्वाचित प्रतिनिधियों और मनरेगा श्रमिकों की भागीदारी के साथ एक दिवसीय उपवास किया जाएगा।

### 17 दिन चलेगा अभियान

12 से 29 जनवरी पंचायत स्तर पर जनसंपर्क सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत स्तर की चौपालें और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस चरण के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष तथा नेता प्रतिपक्ष के पत्र ग्राम प्रधानों, पूर्व ग्राम प्रधानों, रोजगार सेवकों और मनरेगा श्रमिकों तक पहुंचाए जाएंगे। साथ ही विधानसभा स्तर पर नुक्कड़ सभाएं और पर्चा वितरण भी किया जाएगा।



### 30 जनवरी को वार्ड स्तर पर धरना

वार्ड और ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण धरने आयोजित किए जाएंगे, जिनमें अहिंसा, संवैधानिक मूल्यों और काम के अधिकार पर जोर दिया जाएगा। 31 जनवरी से 6 फरवरी जिला स्तरीय मनरेगा बचाओ धरना होगा। जिला कलेक्टर कार्यालयों पर धरने आयोजित किए जाएंगे, जिनके पश्चात वीबी-जीराम-जी विधेयक को वापस लेने और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

### 7 से 15 फरवरी तक राज्य स्तरीय विस घेराव

पीसीसी के नेतृत्व में राज्य स्तर पर विधानसभाओं का घेराव किया जाएगा, जिसमें अधिकतम मोबिलाइजेशन के माध्यम से केंद्र सरकार की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की नीति और राज्यों पर डाले जा रहे बोझ को उजागर किया जाएगा।

### 16 से 25 फरवरी क्षेत्रीय एआईसीसी रैलियां

अभियान के समापन के रूप में एआईसीसी द्वारा चार प्रमुख क्षेत्रीय रैलियों का आयोजन किया जाएगा। स्थलों और तिथियों का विवरण अलग से सूचित किया जाएगा।

### माघ मेला पर दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस का प्रयाग स्टेशन में ठहराव

रायपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघ मेला 2026 में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं एवं रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस का अस्थायी ठहराव उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के



प्रयाग स्टेशन में 2 मिनट के लिए दिया जा गया है। 1 जनवरी 2026 से 20 फरवरी 2026 तक दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस प्रयाग स्टेशन में ठहराव के साथ चल रही है। यह गाड़ी प्रयाग स्टेशन 11:18 बजे पहुंचेगी तथा 11:20 बजे रवाना होगी।

# कफ सीरप, गांजा के साथ चार आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

आरंग थाने की पुलिस ने ओडिशा से तस्करी कर ला रहे 75 सीसी कफ सीरप, एक किलो गांजा के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कफ सीरप तथा गांजा तस्करी करने के आरोप में ओडिशा, बरगढ़ निवासी डिलेश्वर मेहर के साथ खमतराई थाना क्षेत्र में रहने वाले लेखू सिन्हा, निखिल सिन्हा तथा योगेश ध्रुव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों को लखौली टोल प्लाजा के पास घेराबंदी कर पकड़ा है।

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर चाकू से हमला आरोपी गिरफ्तार

धरसींवा थाने की पुलिस ने शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर चाकू से हमला करने के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सागर निषाद की शिकायत पर भनपुरी निवासी तोरण चंद्राकर को गिरफ्तार किया है। उसके एक अन्य साथी देवेंद्र को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। सागर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 26 नवंबर को वह अपने दोस्तों के साथ धनेली तालाब में नहाने के लिए गया था।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री चंदन कुमार चक्रधारी पिता श्री देवप्रकाश चक्रधारी, पता- ग्राम- पाहांदा, तह- पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.) ने विक्रेता- श्री मोती शेख, पिता- श्री आदू शेख, पता- मकान नंबर- 251, फेस-5, सिमरन सिटी, मठपुरैना, तह व जिला- रायपुर (छ.ग.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो ग्राम- डोमा, प.ह.न. - 84, रा.नि.म. रायपुर- 18-कांदुल, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) में स्थित जिसका खसरा क्र.- 216/10 कुल रकबा 0.1120 हेक्टेयर में से 0.0557 हेक्टेयर अर्थात (6000 वर्गफुट) भूमि को क्रय किये जाने हेतु पक्का सौदा किया है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार अथवा उसके किसी भाग के स्वत्व, हित, अंश के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, शासकीय, अर्धशासकीय, बैंक आदि को यदि कोई आपत्ति, उजर, दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज नीचे दर्शित पते पर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अथवा प्रेषित करें, बाद म्यांद प्रस्तुत आपत्ति उक्त संव्यवहार पर बंधनकारी नहीं होगा, तथा मेरे पक्षकार उक्त इकरारशुदा भूमि का बैनामा पंजीयन अपने पक्ष में करवाने स्वतंत्र होंगे।

सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक - 03/01/2026

भवदीय
हेमराज साहू (अधिवक्ता)
पता - झन्डा चौक, बोरियाखुर्द
रायपुर (छ.ग.)
मो.- 7869613993

**:: आम सूचना ::**
**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर**

जारी दिनांक 09/12/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अर्थ अग्रवाल पिता /पति आर्यरत्न अग्रवाल वगैरह निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम नकटा पटवारी हल्का नंबर 14 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 68, 74 रकबा 0.31, 1.31 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 10/11/2025 के परिपालन में दिनांक 06/02/2026 को समय 4.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 14 के नकटा में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नही है।

राजस्व निरीक्षक
मंदिर हसौद

**:: आम सूचना ::**
**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर**

जारी दिनांक 09/12/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सरिता अग्रवाल पिता /पति आर्यरत्न अग्रवाल वगैरह निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम नकटा पटवारी हल्का नंबर 14 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 174, 178 रकबा 1.17, 1.23 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 10/11/2025 के परिपालन में दिनांक 23/02/2026 को समय 4.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 14 के नकटा में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नही है।

राजस्व निरीक्षक
मंदिर हसौद

**AFFIDAVIT**

Annexure "E"

I, PINKI, daughter of Shantilal jain and wife of Alok jain, aged 46 years, residing at C-93, Bajaj Colony Sector 2, New Rajendra Nagar - Raipur do hereby solemnly affirm and declare as under:
1. That I am a citizen of India by birth.
2. My name is PINKI JAIN as per all my official documents, including my Aadhaar Card.
3. My husband's name is Alok jain.
4. That I have a Son named Ishan jain & a daughter named Vanisha jain.
5. That in some of my children's official documents, such as Birth Certificate / School Certificate, my name has been incorrectly spelled as PINKY instead of PINKI.

I hereby state that PINKI and PINKY are the names of one and the same person, that is, myself.

This affidavit is being solemnly affirmed and declared to be used for the purpose of correcting the spelling of my name on my children's documents and for all other purposes whatsoever.

I solemnly affirm that the above statements are true and correct to the best of my knowledge and belief.

Verification

Verified at Raipur on this 29th. day of October, 2025 that the contents of this affidavit are true to my knowledge and nothing material has been concealed there from.

पिंकी जैन
DEPONENT

**नाम परिवर्तन/ नाम स्पष्टिकरण -सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं MOHAMMAD ASIF MEMAN, पिता- स्व.अब्दुल सत्तार निवासी- मकान नं. 24/994, कम्युनिटी पार्टी ऑफिस के बाजू, नूरानी चौक, राजा तालाब, रायपुर (छ.ग.), शपथ पत्र द्वारा यह घोषणा करता हूँ कि मेरे नाम में विभिन्न दस्तावेजों में MOHAMMED ASIF MEMON एवं MOHAMMAD ASIF MEMAN अंकित है।

यह स्पष्ट किया जाता है कि MOHAMMED ASIF MEMON तथा MOHAMMAD ASIF MEMAN दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

अतः भविष्य में मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, शैक्षणिक, बैंक, राजस्व एवं अन्य सभी दस्तावेजों में MOHAMMAD ASIF MEMAN नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

शपथ कर्ता
MOHAMMAD ASIF MEMAN
निवासी - रायपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### अंचलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया छेरछेरा

**तरपोंगी।** छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का अनूठा पर्व और दान का महापर्व 'छेरछेरा' शनिवार को तरपोंगी सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खरीफ फसल की कटाई और मिंजाई के बाद मनाए जाने वाले इस पर्व में ग्रामीणों ने अपनी उदारता का परिचय देते हुए अन्नदान किया। सुबह की पहली किरण के साथ ही बच्चों की टोलियां हाथों में थैली और टोकनी लेकर घर-घर पहुंचने लगीं। बच्चों के चेहरे पर छेरछेरा मांगने का उत्साह देखते ही बन रहा था। /"छेरछेरा, माई कोठी के धान ला हेरते हेरा/" के नारों से गांव की गलियां गुंजायमान हो उठीं।

### प्रधान पाठक ने पिता और भाई की याद में कराया न्योता भोज



**आरंग।** शासकीय प्राथमिक शाला चपरीद में मानवीय संवेदनाओं और अपनेपन की एक सुंदर झलक देखने को मिली। यहाँ कार्यरत प्रधान पाठक मृणाल पांडेय ने अपने दिवंगत पिता मनहरण लाल पाण्डेय और स्वर्गीय भ्राता मनोज्ञ पांडेय की पावन स्मृति में स्कूली बच्चों के लिए 'न्योता भोज' का आयोजन किया। इस विशेष भोज में शाला के बच्चों को केवल भोजन ही नहीं, बल्कि स्नेह भी परोसा गया। मीनू में बच्चों के मनपसंद व्यंजन जैसे गरमा-गरम पूड़ी, खीर, गाजर का हलवा,तिल लड्डू,नमकीन और ताजे फल शामिल थे। अपनी पसंद का भोजन पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी। इस भावपूर्ण अवसर पर पांडेय परिवार के सदस्य गण मकरंद पाण्डेय, मानसी पाण्डेय, मानस पाण्डेय, संस्कृति पाण्डेय, संस्कार पाण्डेय, मानव पाण्डेय एवं शाला परिवार की उपस्थिति रही।

### चैतन्य बघेल को मिली जमानत सत्य की जीत : पप्पू बंजारे

**तिल्दा-नेवरा।** कांग्रेस के रायपुर जिला ग्रामीण अध्य राजेन्द्र पप्पु बंजारे ने



चैतन्य बघेल को हाई कोर्ट से मिली जमानत के बाद शनिवार को हुई रिहाई पर अपनी प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए कहा यह सच्चाई की जीत है। सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं होता है। सत्य की जीत हमेशा होती है, चाहे वह महाभारत का इतिहास हो या फिर रामायण का। बंजारे ने कहा कि चैतन्य बघेल को भले ही अभी जमानत पर रिहा हुए है लेकिन हमे न्याय पर भरोसा है की वे बेदाग अदालत से बरी होंगे उन्होंने कहा कि भाजपा की कटपुतली बन चुकी ईडी ने जिस प्रकार का झूठा आरोप लगाकर चैतन्य को गिरफ्तार किया था। न्यायालय ने जमानत देकर सिद्ध कर दिया की चैतन्य को झूठे आरोप में फसाया गया है। ताकि उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बदनाम किया जा सके। पप्पू बंजारे ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं हो सकता है चैतन्य बघेल को मिली जमानत के बाद यह बात सिद्ध हो गई है।

### ग्राम छतौद में जसगीत और झांकियों की धूम

**तिल्दा-नेवरा।** तिल्दा के ग्राम छतौद में दो दिवसीय माता सेवा जसगीत एवं झांकी प्रतियोगिता का भक्तिमय आयोजन किया गया। छेरछेरा के पावन अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम ने गांव के साथ आसपास केलोग भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत माता रानी की पूजा अर्चना एव दीप प्रज्वलितकर किया गया।
कार्यक्रम में ग्राम तेंदुआ से आए नन्हे बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई संगीतमय जसगीत और भावपूर्ण नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। बाल कलाकारों की इस प्रस्तुति में मां दुर्गा की भक्ति, लोकसंस्कृति और छत्तीसगढ़ी परंपराओं की सुंदर झलक देखने को मिली, जिसे खूब सराहा गया।

# दान की परंपरा से ही पुनीत कार्य होते हैं सिद्ध, मंदिर निर्माण में हर नागरिक बने सहभागी: अनुज

## चरौदा के शिव मंदिर में लगा विशाल मेला, छेरछेरा पर विधायक ने झोली फैलाकर मांगा दान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धरसींवा

- भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया पुन्नी का पर्व

छत्तीसगढ़ की गौरवशाली परंपरा और दानशीलता का महापर्व 'छेरछेरा' आज धरसींवा अंचल सहित ग्राम चरोदा में पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने एक नई मिसाल पेश की। उन्होंने धरसींवा में निर्माणाधीन भव्य हनुमान मंदिर के लिए हनुमंत निर्माण समिति के सदस्यों के साथ स्वयं झोली फैलाकर नगरवासियों से छेरछेरा मांगा। विधायक ने इस दौरान कहा कि छेरछेरा केवल अन्न मांगने का पर्व नहीं, बल्कि अहंकार को त्याग कर लोक कल्याण के लिए समर्पित होने का संदेश है।

ग्राम चरोदा स्थित वर्षों पुराने ऐतिहासिक शिव मंदिर में छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन हुआ।

तड़के से ही शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। विधायक अनुज शर्मा ने भी मंदिर पहुंचकर महादेव की विशेष पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मंदिर परिसर में लगे मेले में बच्चों के लिए झूले, खिलौनों की दुकानें और पारंपरिक पकवानों का विशेष आकर्षण रहा, जहां पूरे अंचल से आए ग्रामीणों ने सपरिवार आनंद उठाया।

### घर-घर गूंजा छेरछेरा, कोठी के धान ल हेर हेरा

उत्सव का आगाज सुबह 6 बजे से ही हो गया था। गांव की गलियों में बच्चों और नौजवानों की टोलियां घर-घर जाकर छेरछेरा मांगते नजर आए। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान परिवारों ने खलिहानों से आए नए धान का दान कर अन्नपूर्णा देवी का आभार व्यक्त किया। छोटे बच्चों में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया, जो अपनी झोलियों में अन्न और उपहार पाकर प्रफुल्लित दिखे।



### हमारे छत्तीसगढ़ की संस्कृति 'देने' की संस्कृति है: शर्मा



हनुमंत निर्माण समिति के सदस्यों के साथ मंदिर निर्माण हेतु दान एकत्र करने के दौरान विधायक अनुज शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा हमारे छत्तीसगढ़ की संस्कृति 'देने' की संस्कृति है। आज छेरछेरा के शुभ अवसर पर मैं आप सभी के द्वार पर एक विधायक के रूप में नहीं, बल्कि एक राम भक्त और सेवक के रूप में खड़ा हूँ। धरसींवा में निर्माणाधीन हनुमान मंदिर हम सबकी साझा आस्था का प्रतीक है। मैं चाहता हूँ कि इस मंदिर की एक-एक ईंट में यहाँ की जनता का आशीर्वाद और सहयोग शामिल हो।

## बाराडेरा मेला: आस्था के समंदर में उमड़ा जनसैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने मत्था टेका लिया आशीर्वाद

# 45 फीट ऊंचे जैतखाम पर मंत्री गुरु खुशवंत ने चढ़ाया पालो

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मंदिर हसौद

राजधानी रायपुर के समीप स्थित बाराडेरा (तुलसी) में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और आस्था का संगम देखने को मिल रहा है। रायपुर जिले के सबसे बड़े 'गुरू अमरदास दर्शन मेला' का भव्य आयोजन छेरछेरा पुन्नी के पावन अवसर पर किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस मेले के दूसरे दिन हजारों श्रद्धालुओं ने गुरु अमरदास जी की कर्मभूमि पर मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। मेले के दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण पालोरोहण की रस्म रही। तुलसी और धनसुली ग्राम से गाजे-बाजे के साथ श्वेत ध्वज लेकर संतों और अनुयायियों का जत्था गुरुद्वारा परिसर पहुँचा। यहां स्थित 5+2 गगनचुंबी जैतखामों पर पूजा-अर्चना की गई।

कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने आध्यात्मिक सानिध्य में 45 फीट ऊंचे जैतखाम पर स्वयं सीढ़ी से चढ़कर 'पालो' (श्वेत ध्वज) चढ़ाया। जैसे ही ध्वज फहराया गया, पूरा परिसर 'सतनाम' के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने दंडवत (कोश नापते) होकर गुरुगद्दी के दर्शन किए और गुरु अमरदास व माता पातापुरहीन के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा प्रकट की। गुरु दर्शन के इस महाकुंभ में प्रदेश की कई नामी हस्तियां शामिल हुईं। मुख्य अतिथि मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के साथ रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, विधायक पंकज शर्मा, पूर्व बैंक अध्यक्ष पप्पू राजेंद्र बंजारे, सुंदर लहरे सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। मेला समिति के अध्यक्ष नारायण प्रसाद कुर्रे एवं पदाधिकारियों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। मेला समिति के अध्यक्ष नारायण प्रसाद कुर्रे ने इस पावन स्थल के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पूरे देश का एकमात्र ऐसा स्थान है, जहाँ सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास जी के द्वितीय पुत्र गुरु अमरदास जी और माता पातापुरहीन का गुरुद्वारा स्थित है।





### पौराणिक तालाब और बर्तन की मान्यता

क्षेत्र के बुजुर्ग बताते हैं कि प्राचीन समय में बाराडेरा 12 गांवों के बीच मवेशियों का एक बड़ा व्यापारिक केंद्र हुआ करता था। आध्यात्मिक मान्यता है कि गुरु अमरदास जी ने अपनी शक्ति से यहाँ ऐसी व्यवस्था की थी कि तालाब के किनारे रुकने वाले किसी भी राहगीर को भोजन बनाने के लिए बर्तन अपने आप मिल जाते थे। आज भी इस तालाब के जल को लोग 'औषधि' के रूप में देखते हैं और दाद-खाज, खुजली व फसलों में कीटनाशक के रूप में इस्तेमाल करते हैं।

### 1929 से जारी है परंपरा

यहाँ गुरु दर्शन मेले का शुभारंभ वर्ष 1929 में हुआ था, जो आज भी छेरछेरा पुन्नी के समय 3 दिनों तक निरंतर जारी है। मेले में पंथी नृत्य, मंगल भजन और अमित कोसले व शिवा जागड़े के सांस्कृतिक मंच ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मेले में सजे रंग-बिरंगे झूले, खिलौने और मीना बाजार ने ग्रामीण परिवेश को उत्सव में बदल दिया है। मेले की सुचारू व्यवस्था में सावल दास डहरिया, रामेश्वर चतुर्वेदी, विजय डहरिया, बिरेंद्र कोसले, जनक लाल खेलवार, लक्ष्मण घृतलहरे, टामेश बघेल, नरेंद्र कुर्रे और पुरुषोत्तम कुर्रे सहित समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता दिन-रात सेवा में जुटे हुए हैं।

## जानलेवा हमले का फरार आरोपी और शातिर बाइक चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धरसींवा



रायपुर पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत सिलतरा पुलिस चौकी प्रभारी राजेंद्र कंवरे और उनकी टीम को दो अलग-अलग आपराधिक मामलों में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक तरफ जहां शराब के लिए पैसे नहीं देने पर जानलेवा हमला करने वाले लंबे समय से फरार आरोपी को दबोचा है, वहीं दूसरी ओर औद्योगिक क्षेत्र से बाइक चोरी करने वाले एक शातिर युवक को भी सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। इन कार्यवाहियों से क्षेत्र के असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने बताया कि बीते 26 नवंबर 2025 को प्रार्थी सागर निषाद जब धनेली के शीतला तालाब में नहाने गया था, तब आरोपी तोरण चन्द्राकर और उसके साथी देवेन्द्र ने एक्टिवा से आकर उससे शराब के लिए पैसों की मांग की थी। पैसे देने से इनकार करने पर आरोपियों ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए प्रार्थी पर बटनदार चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने पहले ही एक आरोपी देवेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन मुख्य आरोपी तोरण चन्द्राकर घटना के बाद से ही लगातार अपनी लोकेशन बदलकर फरार चल रहा था। चौकी प्रभारी राजेंद्र कंवरे के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी के छिपने के हर संभावित ठिकानों पर दबिश दी और अंततः भनपुरी निवासी तोरण चन्द्राकर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हमले में प्रयुक्त बटनदार चाकू बरामद कर लिया।

### वाहन चोर दबोचे गए

इसी कड़ी में पुलिस ने वाहन चोरी के एक अन्य मामले को भी सुलझाने में कामयाबी हासिल की है। प्रार्थी गुलाब सिंह ओडके की यामाहा मोटरसाइकिल वंदना ग्लोबल कंपनी के सामने पार्किंग से चोरी हो गई थी। इस चोरी की गुत्थी सुलझाने के लिए सिलतरा पुलिस की टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और पुराने चोरों के रिकॉर्ड की जांच की। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने ग्राम पथरी निवासी सचिन कुमार साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई 40,000 रुपये कीमत की मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## पेज 11 के शेष...

### इंदौर कांड के ....

लीकेज का खतरा बना हुआ है, जबकि नगर निगम द्वारा नालियों पर से गुजरी पाइप लाइन शिफ्टिंग का काम अधर में है। गत वर्ष लभांडी क्षेत्र में बोर का दूषित पानी से संकल्प सोसाइटी के कई परिवार उल्टी दस्त के शिकार हुए, तब कहीं जाकर नगर निगम प्रशासन ने बोरवेल को सील कर टैंकरों से पानी सप्लाई की। पेश है एक रिपोर्ट -

**केस 1 : मौदहापारा ...**

की ओर जाता है। इसे सुरक्षित जगह पर शिफ्टिंग की जरूरत है। नाले में डूबी पाइप लाइन में गंदे पानी का रिसाव का खतरा बना हुआ है। वार्ड पार्षद शेख मुशीर का कहना है, नाले-नालियों में डूबी पाइप लाइन पर कार्य योजना बनाकर काम किया जाए, ताकि पाइप लाइन लीकेज से लोगों की जान खतरे में ना पड़े। निगम प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

**केस 2: सेल्स टैक्स कालोनी....**

पर जल विभाग के अधिकारी पाइप लाइन लीकेज ढूंढने गए, पर जगह-जगह खुदाई के बाद भी सप्ताहभर तक लीकेज ढूंढ नहीं पाए। हालत ये रही कि पानी में बदबू कहां से आ रही है, इसके लिए पाइप लाइन को सूंघ-सूंघ कर चेक करने की नौबत आई। तब कहीं जाकर पता चला कि नाली से जुड़ी पुरानी पाइप लाइन में जगह-जगह लीकेज की वजह से उसे बदलने की जरूरत है। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता के मुताबिक पाइप लाइन लीकेज का पता चल गया है, पुरानी जर्जर पाइप लाइन की जगह नई पाइप लाइन डालेंगे। शनिवार को महापौर मीनल चौबे सेल्स टैक्स कालोनी में गंदा पानी मिलने की शिकायत पर निरीक्षण करने पहुंचीं। अधिकारियों को 24 घंटे के अंदर प्रभावित सभी घरों में स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित कराने अल्टीमेटम दिया। निरीक्षण के दौरान जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू, पार्षद प्रतिनिधि मनोज विश्वकर्मा, जोन 3 कार्यपालन अभियंता सुशील मोडस्टस सहित जल विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

**केस 3: रहमानिया चौक में ....**

जाएगा। समय रहते इस अव्यवस्था को सुधारा नहीं गया, तो इंदौर जैसी घटना होते देर नहीं लगेगी। ***केस 4: सत्यम नगर कचना, आमासिवनी*** -जोन 9 के पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड स्थित सत्यम नगर कचना और आमासिवनी के रहवासी इलाके में नाली के ऊपर पानी की पाइप लाइन गई है। इससे सीवरेज की गंदगी का रिसाव पाइप लाइन में होने का अंदेशा बना हुआ है। वार्ड पार्षद गोपेश साहू ने जोन अधिकारियों से नाली पर गई पानी की पाइप लाइन को सुरक्षित जगह शिफ्ट करने आवेदन भी दिया, पर आज तक इसकी शिफ्टिंग नहीं हुई। इसी तरह कचना में निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 754 और 1044 आवासीय परिसर में सीवरेज की समस्या है। पाइप लाइन में गंदा पानी आने की शिकायत आ रही है। इस पर निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे।

### एसआईआर में 5 ....

भराए जा रहे हैं। इसके अलावा 23 हजार 180 वोटरों को ढूंढा नहीं जा सका है, जबकि 14 हजार 311 पहले से ही नामांकित हैं। इसी प्रकार 2 हजार 313 वोटरों के नाम अन्य कारणों से कटेंगे। हालांकि मृत वोटरों को छोड़कर अन्य वोटरों के पास एसआईआर सूची में नाम शामिल कराने का अभी भी मौका है। इसके लिए उन्हें आयोग द्वारा निर्धारित फार्म भरकर प्रमाणिक दस्तावेज जमा करने होंगे। एसआईआर के बाद मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन तथा जिला निर्वाचन आयोग कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार एसआईआर के दौरान 23 दिसंबर 2025 की स्थिति में रायपुर जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र तथा बलौदाबाजार सहित 8 विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 2484 मतदान केंद्रों में कुल वोटरों की संख्या 14 लाख 89 हजार 251 है। इनमें पुरुष वोटर 739821, महिला वोटर 749309 तथा अन्य 121 हैं।

***एसआईआर में कैटेगरी-सी के वोटरों को जारी किया जा रहा नोटिस*** : एसआईआर के दौरान फार्म जमा करने वाले वोटरों को तीन कैटेगरी में शामिल किया है। इसमें कैटेगरी-ए में 528859 वोटर हैं। इस कैटेगरी के सभी वोटर वर्ष 2003 के एसआईआर की सूची में शामिल थे। कैटेगरी-बी में 824631 वोटर हैं। ये वोटर वर्ष 2003 के एसआईआर सूची में शामिल नहीं थे, लेकिन इनके माता-पिता या दादा-दादी के नाम शामिल थे। इसी प्रकार कैटेगरी सी में 135761 वोटर शामिल हैं। ये सभी वोटर न ही स्वयं एसआईआर 2003 की सूची में शामिल थे और न ही इनके माता-पिता या दादा-दादी शामिल थे। इन वोटरों को अब नोटिस जारी कर आयोग द्वारा जारी किए गए 13 प्रमाणिक दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज को पेश करने के लिए कहा गया है।

***133053 वोटरों को नोटिस जारी, 36422 को कराई गई तामिली*** : जिला निर्वाचन आयोग के अफसरों के अनुसार जिले में कैटेगरी-सी में शामिल 135761 वोटरों में से 133053 वोटरों को नोटिस जारी किया गया है, जिनमें से 36422 वोटरों को नोटिस तामिली भी कराई गई है। अफसरों का कहना है कि नोटिस तामिली कराने के साथ वोटरों को प्रमाणिक दस्तावेज पेश करने के लिए तारीख और समय दिया जा रहा है। इस नोटिस के अनुसार वोटर तय दिन और समय पर दस्तावेज पेश कर एसआईआर सूची में अपना नाम जुड़वा भी रहे हैं।

### जिला छोड़ चुके करीब ....

और कितने वोटरों ने फार्म-6 भरे हैं, इसकी जानकारी अभी नहीं आई है।

### अमरकंटक जा रही ....

घायल युवक के परिजन कोटा पहुंच गए। परिजनों के पहुंचने के बाद मृतकों का पीएम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द किया। कार एक्सीडेंट में मृतकों की पहचान रामकुमार धीवर (45) और राजकुमार साहू के रूप में हुई है। वहीं घायलों को इलाज के लिए सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके कारण राजकुमार समेत सामने बैठा एक और युवक अंदर फंसे रहे गए। चना निवासी रामकुमार धीवर, दलदल सिवनी निवासी निलेश्वर धीवर (38), खरोरा मजेठा निवासी सुखसागर मानिकपुरी (39), दलदल सिवनी के अमित चंद्रवंशी और राजकुमार साहू के साथ पूर्णिमा स्नान करने के लिए अमरकंटक जाने के लिए निकले थे। सुबह नौ बजे उनकी कार बेलगहना चौकी क्षेत्र के ग्राम भसको के पास पहुंची। इसी दौरान जंगल में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में रामकुमार धीवर और राजकुमार साहू को गंभीर चोटें आईं, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। निलेश्वर और उनके दो साथी घायल हो गए।

### बकाया जमा करने में ....

राजस्व महकमे को इस बार 400 करोड़ की राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया गया है। इसके एवज में 31 दिसंबर तक के दस जोन की राजस्व विभाग की टीम ने 100 करोड़ से अधिक की राजस्व वसूली कर ली है, जबकि 300 करोड़ की राजस्व वसूली बाकी है। ऐसे में अब उनका फोकस बड़े बकायादारों पर है। राजस्व वसूली अभियान के तहत शनिवार को जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल और सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अंतिम चेतावनी के बाद बकाया संपत्ति कर जमा नहीं करने वाले बड़े बकायादार के 7 व्यावसायिक परिसर को सील कर दिया।

### दुर्लभ कैंसर के कारण ...

मेडियास्टाइनल जर्म सेल ट्यूमर की पुष्टि हुई। प्रारंभिक जांच में छाती के बीच स्थित गांठ पायी गयी, जो हृदय के समीप बड़ी रक्त नलियों से चिपकी हुई थी। उच्च जोखिम को देखते हुए एम्स रायपुर के चिकित्सकों ने पहले कीमोथैरेपी दी। इससे गांठ का आकार छोटा हो गया, तो मरीज को आगे के इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग भेजा गया था। कैंसर सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. आशुतोष गुप्ता ने जांच रिपोर्टों का गहन परीक्षण करने के बाद सर्जरी का निर्णय लिया।

## राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के साथ ग्रामीणों ने मनाया छेरछेरा तिहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरपोंगी





तरपोंगी में छेरछेरा तिहार के अवसर पर राजस्व एवं खेल मंत्री टंक राम वर्मा ने ग्रामीणो के साथ टोली में भजन गाते मंजीरा बजाते हुवे पारंपरिक रूप से घर-घर जाकर अन्न दान ग्रहण किया। इस अवसर पर गांव में उत्साह, अपनत्व और लोक उल्लास का वातावरण देखने को मिला। मंत्री वर्मा ने छेरछेरा की परम्परा का निर्वहन करते हुए गांव के गलियों में घूमे और ग्रामीणों से आत्मीय भेंट की और अन्न दान स्वीकार किया।

उन्होंने कहा कि छेरछेरा तिहार छत्तीसगढ़ की आत्मा से जुड़ा पर्व है, जो समाज में समानता, सहयोग और दान की भावना को सशक्त करता है। यह लोक पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है और सामाजिक समरसता का संदेश देता है।मंत्री वर्मा ने कहा कि छेरछेरा केवल अन्न संग्रह का तिहार नहीं, बल्कि यह लोक संस्कृति, भाईचारे और मानवीय संवेदनाओं का उत्सव है। छत्तीसगढ़ की लोक परम्पराएं हमारी पहचान हैं और इन्हें संजोकर रखना हम सभी का दायित्व है। ऐसे पर्व समाज को जोड़ते हैं और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराते हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पारंपरिक उल्लास के साथ मंत्री के साथ गांव में छेरछेरा तिहार की उत्सव मनाया । बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने पूरे उत्साह के साथ इस लोक पर्व में सहभागिता निभाई। अंचल के ग्राम तरपोंगी, सगुनी, खैरखूंट, बलौदी खुर्द, सुंगेरा आदि गांवों में पहुंच कर क्षेत्र के ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों से भेंट मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना। इस अवसर पर सोसायटी अध्यक्ष डॉ शोभित वर्मा ,पोषण वर्मा, मिलेंद्र भरत किंकर ,गिरीश साहू, टीकम वर्मा ,गौकरण साहू, खेमलाल वर्मा, यशवंत वर्मा, सोसायटी अध्यक्ष रोम लाल साहू, तरुण वर्मा, विक्रमादित्य वर्मा, हिमांशु निषाद, सावन नायक, जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, सरपंच रजत कश्यप, उप सरपंच ज्ञानदास मानिकपुरी, पूर्व सरपंच शिव कुमार हनुमंता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व जनप्रतिनिधि गण शामिल हुए।

## बोले - जल्द तेज होगा परिवहन, समितियों को नहीं होगी परेशानी

# धान उठाव की धीमी गति पर विधायक अनुज शर्मा सख्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धरसींवा



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर की धरसींवा शाखा के अंतर्गत आने वाले धान खरीदी केंद्रों में उठाव की सुस्त रफ्तार ने समितियों की चिंता बढ़ा दी है। इस संकट को दूर करने के लिए धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा ने कमान संभाल ली है।

शनिवार को समिति अध्यक्षों के साथ बैठक में विधायक ने स्पष्ट आश्वासन दिया कि प्रशासनिक स्तर पर बाधाएं दूर कर ली गई हैं और केंद्रों में जमा धान का उठाव अब युद्ध स्तर पर शुरू होगा। उनके इस हस्तक्षेप के बाद किसानों और समिति प्रबंधकों ने राहत की सांस ली है। 1.64 लाख क्विंटल धान अभी भी केंद्रों में धरसींवा शाखा के अंतर्गत आने वाली 8 सोसायटियों— सोड़रा, गिरौद, देवरी, कुम्हारी, धरसींवा, मोहदी, कुरा और पंडरभट्ठा में इस सीजन में अब तक 2,07,659 क्विंटल धान की रिकॉर्ड खरीदी हुई है। लेकिन परिवहन की स्थिति चिंताजनक है। अब तक मात्र 43,000 क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है, जबकि 1,64,659 क्विंटल धान अभी भी खुले आसमान के नीचे परिवहन के इंतजार में पड़ा है।

### विधायक ने उच्च अधिकारियों को दिए निर्देश

समस्या को लेकर कृषक सेवा सहकारी समिति के अध्यक्षों ने शनिवार को विधायक अनुज शर्मा से मुलाकात की। अध्यक्षों ने बताया कि उठाव न होने से सूखत का खतरा बढ़ रहा है और नए धान के लिए जगह की कमी हो रही है। इस पर विधायक ने तत्काल खाद्य विभाग और जिला सहकारी बैंक के उच्च अधिकारियों से बात की। श्री शर्मा ने कहा धान का उठाव समय पर न होना एक गंभीर विषय है। मैंने उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया है कि परिवहन की व्यवस्था में तेजी लाएं ताकि समितियों पर पड़ रहा अतिरिक्त दबाव कम हो सके। शासन किसानों के प्रति संवेदनशील है और मैं स्वयं इसकी मॉनिटरिंग कर रहा हूँ। जल्द ही परिवहन के लिए वाहनों की संख्या बढ़ाई जाएगी और धान का उठाव सुचारू रूप से शुरू हो जाएगा।

### समितियों ने जताया आभार

धरसींवा कृषक सेवा समिति अध्यक्ष कौशल साहू, मलोद कुकेरा अध्यक्ष डाक्टर के के वर्मा ने विधायक के त्वरित एक्शन और आश्वासन के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले 2-3 दिनों के भीतर उठाव की प्रक्रिया में बड़ी तेजी आएगी। सोड़रा से लेकर पंडरभट्ठा तक की सभी 8 शाखाओं में परिवहन व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

## गिरोला में धान चोरों का आतंक, शिकायत के बाद भी FIR नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**अभनपुर।** अभनपुर विकासखंड के ग्राम गिरोला में इन दिनों किसानों की मेहनत की कमाई पर चोरों की नजर है। गांव में लगातार हो रही धान की चोरी और पुलिस प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव का ही एक संगठित गिरोह इस पूरी वारदात को अंजाम दे रहा है, लेकिन बार-बार शिकायत के बावजूद पुलिस प्राथमिकी (FIR) दर्ज करने में कोताही बरत रही है। चोरी का ताजा मामला 30 दिसंबर की रात का है। पीड़ित किसान भोजराम साहू ने बताया कि जब वे रात में अभनपुर से अपने घर लौट रहे थे, तब उन्होंने अपने बियारा (खलिहान) के पास संदिग्ध हलचल देखी। चोर दीवार फांदकर भाग रहे थे। पड़ोसी चीनीराम यादव ने भी दो-तीन व्यक्तियों को खेत की ओर भागते हुए देखा। छानबीन करने पर दीवार के बाहर 3 बोरी धान रखा मिला।

### संगठित गिरोह पर शंका, पुलिस की चुप्पी पर सवाल

ग्रामीणों को आशंका है कि गांव के ही कुछ असामाजिक तत्वों ने एक संगठित गिरोह बना रखा है, जो छोटे वाहनों (जैसे ऑटो या पिकअप) के माध्यम से रात के अंधेरे में धान की बोरियां पार कर देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब रक्षक ही मौन हो जाएं, तो चोरों के हौसले बुलंद होना स्वाभाविक है।

# तीन साल से खड़े ढांचे को हार्ट सर्जरी का मॉड्यूलर ओटी बनाने एजेंसी तय करने की कवायद

## एसीआई के पिछले हिस्से में प्रस्तावित है मॉड्यूलर ओटी का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शासकीय स्तर पर एकमात्र दिल के अस्पताल में तीन साल से खड़े ढांचे को मॉड्यूलर ओटी बनाने का काम पुनः शुरू होने की संभावना है। लंबे ब्रेक के बाद सीजीएमएससी द्वारा निर्माण एजेंसी तय करने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस मॉड्यूलर ओटी का निर्माण पूरा होने के बाद यहां छोटे बच्चों के हृदय की सर्जरी के साथ हार्ट ट्रांसप्लांट की संभावना भी बनेगी। आधुनिक सुविधाओं वाले इस ऑपरेशन थियेटर को बनाने के लिए दो करोड़ रुपये की योजना को स्वीकृति दी गई थी।

आंबेडकर अस्पताल का एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट ही ऐसा है जहां हृदय से संबंधित रोगों का इलाज किया जाता है। कार्डियोलॉजी और कार्डियक सर्जरी विभाग में मरीजों की जटिल शल्य प्रक्रिया पूरी कर उन्हें बीमारियों से निजात दिलाई जाती है। करीब चार साल पहले यहां दो मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर बनाने के लिए 2 करोड़ रुपए की योजना को स्वीकृति दी गई थी। एक साल की मशक्कत के बाद एसीआई के पिछले हिस्से में मॉड्यूलर ओटी के लिए ढांचा तैयार किया गया। इसके बाद काम रुक गया और तीन साल बीत गए। सूत्रों के मुताबिक चिकित्सा शिक्षा विभाग के नए आयुक्त ने मामला जानने के बाद इस अधूरे काम को पूरा करने के निर्देश दिए थे। इस आधार पर सीजीएमएससी तीन साल से खड़े इस ढांचे को पूर्ण रूप से आधुनिक सुविधाओं वाले ऑपरेशन थियेटर के रूप में तब्दील करने एजेंसी तय करने की कवायद कर रही है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर रही है। दावा किया जा रहा है कि इस ऑपरेशन थियेटर के पूरा होने के बाद एसीआई में छोटे बच्चों के हृदय की सर्जरी शुरू की जा सकेगी। अभी सुविधायुक्त ऑपरेशन थियेटर नहीं होने के कारण बच्चों का ऑपरेशन यहां नहीं किया जाता है। इसके साथ ही राज्य में हार्ट ट्रांसप्लांट की संभावना बढ़ जाएगी जो कैडेवर डोनेशन के मामले में अभी अधूरी है।

### अन्य ऑपरेशन भी बढ़ेंगे

एसीआई में कार्डियक संबंधी ओपन हार्ट, बाईपास के साथ हृदय से संबंधित नसों की सर्जरी भी की जाती है। एक ऑपरेशन थियेटर होने की वजह से सप्ताह में तीन से चार ऑपरेशन पूरे होते हैं। नया ऑपरेशन थियेटर बनने के बाद हर दूसरे दिन जरूरतमंद मरीजों की सर्जरी की जा सकेगी। कार्डियक सर्जरी विभाग में कई मरीजों को ऐसी बीमारी से निजात दिलायी गयी है, जिनका कई बड़े अस्पतालों ने ऑपरेशन करने से इनकार कर दिया था।



### 77.51 लाख में पूरा होगा काम

ढांचे को मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर बनाने का काम 77.51 लाख के खर्च से पूरा किया जाएगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद पात्र होने वाली एजेंसी से छह माह का करार किया जाएगा। मॉड्यूलर ओटी की जरूरत एनएमसी की गाइड लाइन के हिसाब से भी आवश्यक है। कुछ साल पहले एनएमसी द्वारा रायपुर समेत अन्य मेडिकल कालेजों को इसके लिए निर्देशित किया गया था।

### ऑपरेशन बढ़ेंगे

ऑपरेशन थियेटर का निर्माण पूरा होने के बाद की जाने वाली सर्जरी की संख्या में इजाफा होगा। इसका लाभ हृदय की गंभीर बीमारियों से जूझने वाले मरीजों को होगा।

*- डॉ. कृष्णकांत साहू*
*विभागाध्यक्ष कार्डियक सर्जरी, आंबेडकर अस्पताल*

## खबर संक्षेप

### केवल जमानत मिल जाना दोषमुक्त होना नहीं माना जाता : चिमनानी



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को केवल जमानत मिलने पर कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा सत्यमेव जयते के पोस्टर उनके फोटो के साथ लगाए गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जिनके यह बेटे हैं, वह भी इसी प्रकार की बातें कर रहे हैं। श्री चिमनानी ने कहा, चैतन्य बघेल अगर जमानत मिलने पर दोष मुक्त मान लिए जाएंगे, तो कवासी लखमा जमानत नहीं मिलने से क्या दोषी मान लिए गए हैं। क्या कांग्रेस ने यह मान लिया है कि पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ही इस शराब घोटाले के सरगना थे। अगर नहीं तो यह दोहरा रवैया पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे और एक आदिवासी नेता के लिए क्यों है। क्यों नहीं यह माना जाए कि एक आदिवासी नेता को कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने मोहरा बनाया और आज उन्हें कांग्रेस पार्टी ने अकेला छोड़ दिया है। श्री चिमनानी ने कहा, जिन भी लोगों ने छत्तीसगढ़ सरकार के राजस्व पर डाका डालने का प्रयास किया था, उनमें एक भी व्यक्ति छोड़ा नहीं जाएगा।

## निधन

### प्यारेलाल शर्मा



**रायपुर।** गोगांवपारा निवासी प्यारेलाल शर्मा का 2 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 जनवरी को गृहग्राम में किया गया।

### कृष्ण कुमार साहू



**रायपुर।** ग्राम गोढ़ी, मंदिर-हसौद निवासी कृष्ण कुमार साहू का 3 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे रुखमनी साहू के पति, सुरेश साहू और सुनील साहू के पिता थे।

# शराब घोटाले में बर्थ डे पर गिरफ्तारी, पोते के जन्मदिन पर पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे की रिहाई

कोर्ट में दस्तावेजी कार्रवाई में विलंब होने की वजह से जेल से रिहा होने में देर हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शराब घोटाला तथा मनी लांड्रिंग के आरोप में पांच महीने 12 दिन जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री चैतन्य बघेल की हाईकोर्ट में जमानत स्वीकृत होने के बाद शनिवार दोपहर साढ़े तीन से चार बजे के बीच जेल से रिहाई हुई।

- **एक घंटे से ज्यादा चक्का जाम की स्थिति**

शुक्रवार को जमानत स्वीकृत होने के बाद दूसरे दिन 12 से साढ़े 12 बजे के बीच चैतन्य की जेल से रिहाई होने की संभावना व्यक्त की जा रही थी। ईडी तथा ईओडब्लू कोर्ट में दस्तावेजी कार्रवाई में देर होने की वजह से चैतन्य बघेल की रिहाई में विलंब हुआ।

चैतन्य बघेल जैसे ही जेल से रिहा हुए, उनके पिता ने उन्हें गले लगाया। इस दौरान मौके पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत भी उपस्थित रहे। जेल से रिहा होने के बाद दोनों पिता पुत्र जेल परिसर में महात्मा गांधी के साथ नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। जेल परिसर के गेट के बाहर जैसे ही चैतन्य बघेल बाहर निकले, मौके पर उपस्थि कांग्रेस कार्यकर्ता जमकर नारेबाजी करते हुए उन्हें कंधे पर उठाकर कार तक ले गए।





### जेल रोड में जाम की स्थिति

चैतन्य बघेल की रिहाई में कार्यकर्ताओं के भारी संख्या में आने की उम्मीद पुलिस को पहले से थी। इसके कारण देवेंद्र नगर नमस्ते चौक से लेकर जेल रोड मार्ग पर बैरिकेडिंग कर चैतन्य की रिहाई के समय रोड ब्लाक करने पुलिस ने पहले ही इंतजाम कर लिए थे। चैतन्य के जैसे ही जेल से निकलने की पुलिस को जानकारी मिली पुलिस ने रोड को वन-वे कर दिया। इससे करीब आधे से एक घंटे तक ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हुई। बीच सड़क पर आतिशबाजी करने वाले कार्यकर्ताओं को पुलिस ने लताड़ लगाते हुए उन्हें आतिशबाजी करने से रोका। बावजूद इसके कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की।



### इन शर्तों के साथ जमानत पर रिहा

चैतन्य बघेल को ईडी कोर्ट ने अपना पासपोर्ट जमा करने के लिए कहा है। इसके साथ ही उन्हें हर ट्रायल में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया है। साथ ही जब भी ईडी उन्हें पूछताछ करने तलब करेगी, चैतन्य को ईडी के सामने उपस्थित होना होगा। पूछताछ में उपस्थित नहीं होने पर ईडी चैतन्य की जमानत खारिज करने कोर्ट में आवेदन पेश कर सकती है। ईओडब्लू कोर्ट ने चैतन्य से एक लाख रुपए का बांड भरवाया है। साथ ही उन्हें कोर्ट में हर ट्रायल में उपस्थित होने निर्देश दिए हैं।

### गिरफ्तारी से लेकर रिहाई तक टाइम लाइन

- 18 जुलाई 2025 - चैतन्य बघेल को ईडी ने मनी लांड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया
- 22 जुलाई - कोर्ट ने उन्हें 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा।
- 4 अगस्त - रिमांड को और बढ़ाकर 14 दिन किया गया।
- 4 अगस्त - ईडी ने आरोप लगाया कि घोटाला की एक हजार करोड़ रुपए की राशि चैतन्य ने मैनेज की।
- 17 अगस्त - तीसरी बार 14 दिन रिमांड बढ़ाई गयी।
- 15 सितंबर - ईडी ने सात हजार पेज की कोर्ट में चार्जशीट दायर की।
- 24 सितंबर - हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत खारिज।
- 28 अक्टूबर - स्पेशल कोर्ट ने उनकी बेल याचिका खारिज की।
- 6 अक्टूबर - ईओडब्लू कोर्ट ने उनकी 13 अक्टूबर तक न्यायिक रिमांड बढ़ाई।
- 15 अक्टूबर - न्यायिक हिरासत 29 अक्टूबर तक बढ़ाई गई।
- 02 जनवरी 2026 - बिलासपुर हाईकोर्ट से जमानत स्वीकृत, दूसरे दिन जेल से रिहाई।

### पोते के जन्मदिन पर रिहाई

अपने बेटे की रिहाई होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसे न्याय की जीत बताते हुए कहा कि चैतन्य को ईडी ने उनके जन्मदिन पर गिरफ्तार किया था। शनिवार को पोते के जन्मदिन पर चैतन्य की जेल से रिहाई हुई है। रिहाई के बाद चैतन्य ने मीडिया से चर्चा करते हुए न्यायालय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा, आपर सभी का शुक्रिया, मामला कोर्ट में है, तो इसमें कुछ बोलना उचित नहीं है। यह मामला न्यायिक समीक्षा के अधीन है। हमारे समर्थकों का भी धन्यवाद।

### इन दो कांग्रेस नेताओं ने ली जमानत

हाईकोर्ट में जमानत स्वीकृत होने के बाद चैतन्य बघेल को ईडी तथा ईओडब्लू की स्थानीय अदालत में जमानतदार प्रस्तुत करना था। ईडी कोर्ट में कांग्रेस नेता सुशील आनंद शुक्ला तथा ईओडब्लू कोर्ट में महेंद्र छावड़ा चैतन्य के जमानतदार बने। ईडी कोर्ट में चैतन्य बघेल को एक से डेढ़ बजे के बीच जमानत मिल गई। ईओडब्लू कोर्ट में लंच टाइम के बाद जमानत मिली। इसके कारण चैतन्य बघेल की जेल से रिहाई होने में देर हुई।

## धान उपार्जन केंद्रों की अव्यवस्था, उठाई किसानों की आवाज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में संचालित धान उपार्जन केंद्रों पर समिति-स्तर पर उत्पन्न प्रशासनिक, तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक अव्यवस्थाओं को लेकर भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रवीण दुबे ने किसानों के हित में सशक्त पहल करते हुए महानिदेशक, छत्तीसगढ़ राज्य विपणन सहकारी संघ मार्कफेड को विस्तृत मांग-पत्र सौंपा है। श्री दुबे का कहना है कि वर्तमान खरीफ विपणन वर्ष में हजारों पात्र कृषक विभिन्न तकनीकी एवं नीतिगत कारणों से धान विक्रय से वंचित हो रहे हैं, जो न केवल किसान हितों के प्रतिकूल है, बल्कि शासन की सुव्यवस्थित उपार्जन प्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने प्रमुख रूप से एग्रीटेक पंजीयन में आ रही तकनीकी बाधाओं, वनभूमि पट्टाधारी कृषकों की उपेक्षा, बड़े एवं बहुफसली कृषकों के टोकन निर्गमन में जटिलता, प्रतिदिन धान उपार्जन की अपर्याप्त सीमा तथा धान उठाव एवं परिवहन में हो रहे विलंब जैसे गंभीर विषयों को तथ्यात्मक रूप से रेखांकित किया है। प्रवीण दुबे ने मांग की है कि समिति स्तर पर भौतिक सत्यापन कर वंचित कृषकों को तत्काल राहत दी जाए। वनभूमि पट्टाधारी किसानों को पुनः खरीदी व्यवस्था में शामिल किया जाए तथा ऑफलाइन टोकन प्रणाली एवं दैनिक उपार्जन सीमा में वृद्धि जैसे व्यावहारिक समाधान शीघ्र लागू किए जाएं।

# रायपुर में हर माह 3 करोड़ से ज्यादा की साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सिस्टम का जैसे-जैसे डिजिटिलाइजेशन होता जा रहा है, वैसे-वैसे पुलिस की चुनौती बढ़ती जा रही है। साइबर ठगी रोकने रेंज साइबर पुलिस का गठन होने के बाद ऐसी घटनाओं में शामिल आरोपी पहले की तुलना में ज्यादा दबोचे जा रहे हैं। वर्ष 2025 में अकेले रायपुर रेंज में साइबर ठगों ने लोगों की बैंक में जमा गाढ़ी खून पसीने की कमाई पर सेंध लगाते हुए हर माह 3.41 करोड़ रुपए से ज्यादा का सेंध लगाई है। जालसाजों ने एक वर्ष में 41 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की है। इनमें से रेंज साइबर पुलिस ने 32 करोड़ रुपए होल्ड कराने के साथ ही चार करोड़ रुपए पीड़ितों को वापस दिलाए हैं। साथ ही सात करोड़ रुपए पीड़ितों को वापस दिलाने प्रक्रियाधीन है।

- **अब तक दबोचे गए 415 जालसाज**

पुलिस के मुताबिक, रेंज साइबर पुलिस ने 106 ठगी के प्रकरणों की जांच की है। जालसाजी के इन प्रकरणों में रेंज साइबर पुलिस ने 415 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ठगी के आरोप में जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें तीन नाइजीरियन नागरिक होने के साथ ही आठ बैंकर सीए शामिल हैं। रेंज साइबर पुलिस ने एक साल में तीन हजार म्यूल अकाउंट क्लोज कराने का काम किया है। साथ ही ठगी के लिए इस्तेमाल एक हजार बैंक अकाउंट को बंद कराया गया है।

### 14 हजार सिम ब्लाक कराए

रेंज साइबर पुलिस ने ठगी के आरोपियों की गिरफ्तारी करने के साथ ही ठगी के लिए इस्तेमाल 14 हजार से ज्यादा सिम कार्ड को ब्लाक कराने का काम किया है। इसके साथ ही फर्जी नाम से सिम बेचने वालों के खिलाफ रेंज साइबर पुलिस की टीम ने गिरफ्तारी की है।

### एपीके फाइल से ठगी रोकना बड़ी चुनौती

एपीके फाइल भेजकर लोगों के बैंक अकाउंट में सेंध लगाने की घटना रोकना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है। जालसाज अलग-अलग लोगों को फर्जी ई-चालान या योजना का लाभ देने संबंधित झूठे मैसेज एपीके फाइल बनाकर भेज रहे हैं। एपीके फाइल डाउनलोड करते ही मोबाइल हैक हो जाता है और जालासज अकाउंट खाली कर देता है।

### देश के हर कोने से दबोचे गए जालसाज

जालसाजी के अलग-अलग मामलों में रेंज साइबर पुलिस ने तकनीकी आधार पर आरोपियों की पहचान कर देश के अलग-अलग राज्य नार्थ-ईस्ट से लेकर देश के अलग-अलग 22 राज्यों से जालसाजों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल करने का काम किया है। रेंज साइबर पुलिस के दावों के मुताबिक उनके पास जितने भी ठगी के प्रकरण जांच के लिए आए, उनमें से 80 प्रतिशत मामलों को सुलझा लिया गया है।

## बिजनेस साइट

### कॉस्मो एक्सपो की तैयारियां चरम पर आयोजन स्थल पर तेजी से चल रहा काम



**रायपुर।** राजधानी में आयोजित होने जा रहे कॉस्मो एक्सपो की तैयारियां पूरे जोरों पर हैं। आयोजन स्थल पर जबरदस्त हलचल और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। स्टॉल निर्माण, डोम व पवेलियन की स्थापना, सजावट, लाइटिंग, बिजली, सुरक्षा और अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं का कार्य तेजी से किया जा रहा है। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे प्रतिभागी अपने-अपने स्टॉल को अंतिम रूप देने में जुटे हैं, जिससे परिसर भव्य और आकर्षक स्वरूप लेता जा रहा है। मशीनरी, इंटीरियर, रियल एस्टेट, लाइफस्टाइल और व्यापार से जुड़े उत्पादों की झलकियां अभी से नजर आने लगी हैं। आयोजक टीम दिन-रात मेहनत कर रही है ताकि प्रदर्शकों और आगंतुकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल सकें। कॉस्मो एक्सपो व्यापार और उद्योग के लिए एक सशक्त मंच साबित होगा, जहां उद्यमियों, बिल्डर्स, व्यापारियों और आम नागरिकों को नेटवर्किंग और नए अवसर प्राप्त होंगे। आयोजकों के अनुसार सभी तैयारियां तय समयसीमा में पूरी की जा रही हैं।

### शिवम एजुकेशनल एकेडमी में छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर भव्य प्रदर्शनी

**रायपुर।** शिवम एजुकेशनल एकेडमी इंद्रप्रस्थ में 'छत्तीसगढ़ महोत्सव : अपनी धरोहर, अपनी पहचान' विषय पर भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।



प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोककला, लोकनृत्य, इतिहास और जनजीवन से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. सुरेश देशमुख, रामेश्वर वैष्णव एवं अरुण निगम उपस्थित रहे, जिनका विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक मॉडल, चार्ट एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। अभिभावकों और अतिथियों ने बच्चों के आत्मविश्वास, ज्ञान और प्रस्तुति कौशल की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## पेज 11 के शेष ...

### इंदौर कांड के ....

लीकेज का खतरा बना हुआ है, जबकि नगर निगम द्वारा नालियों पर से गुजरी पाइप लाइन शिफ्टिंग का काम अधर में है। गत वर्ष लभांडी क्षेत्र में बोर का दूषित पानी से संकल्प सोसाइटी के कई परिवार उल्टी दस्त के शिकार हुए, तब कहीं जाकर नगर निगम प्रशासन ने बोरवेल को सील कर टैंकरों से पानी सप्लाई की। पेश है एक रिपोर्ट -

### केस 1 : मौदहापारा ...

की ओर जाता है। इसे सुरक्षित जगह पर शिफ्टिंग की जरूरत है। नाले में डूबी पाइप लाइन में गंदे पानी का रिसाव का खतरा बना हुआ है। वार्ड पार्षद शेख मुशीर का कहना है, नाले-नालियों में डूबी पाइप लाइन पर कार्य योजना बनाकर काम किया जाए, ताकि पाइप लाइन लीकेज से लोगों की जान खतरे में ना पड़े। निगम प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

### केस 2: सेल्स टैक्स कालोनी....

पर जल विभाग के अधिकारी पाइप लाइन लीकेज ढूंढने गए, पर जगह-जगह खुदाई के बाद भी सप्ताहभर तक लीकेज ढूंढ नहीं पाए। हालत ये रही कि पानी में बदबू कहां से आ रही है, इसके लिए पाइप लाइन को सूंघ-सूंघ कर चेक करने की नौबत आई। तब कहीं जाकर पता चला कि नाली से जुड़ी पुरानी पाइप लाइन में जगह-जगह लीकेज की वजह से उसे बदलने की जरूरत है। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता के मुताबिक पाइप लाइन लीकेज का पता चल गया है, पुरानी जर्जर पाइप लाइन की जगह नई पाइप लाइन डालेंगे। शनिवार को महापौर मीनल चौबे सेल्स टैक्स कालोनी में गंदा पानी मिलने की शिकायत पर निरीक्षण करने पहुंचीं। अधिकारियों को 24 घंटे के अंदर प्रभावित सभी घरों में स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित कराने अल्टीमेटम दिया। निरीक्षण के दौरान जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू, पार्षद प्रतिनिधि मनोज विश्वकर्मा, जोन 3 कार्यपालन अभियंता सुशील मोडस्टस सहित जल विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### केस 3: रहमानिया चौक में ....

जाएगा। समय रहते इस अव्यवस्था को सुधारा नहीं गया, तो इंदौर जैसी घटना होते देर नहीं लगेगी। ***केस 4: सत्यम नगर कचना, आमासिवनी*** -जोन 9 के पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड स्थित सत्यम नगर कचना और आमासिवनी के रहवासी इलाके में नाली के ऊपर पानी की पाइप लाइन गई है। इससे सीवरेज की गंदगी का रिसाव पाइप लाइन में होने का अंदेशा बना हुआ है। वार्ड पार्षद गोपेश साहू ने जोन अधिकारियों से नाली पर गई पानी की पाइप लाइन को सुरक्षित जगह शिफ्ट करने आवेदन भी दिया, पर आज तक इसकी शिफ्टिंग नहीं हुई। इसी तरह कचना में निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 754 और 1044 आवासीय परिसर में सीवरेज की समस्या है। पाइप लाइन में गंदा पानी आने की शिकायत आ रही है। इस पर निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे।

### एसआईआर में 5 ....

भराए जा रहे हैं। इसके अलावा 23 हजार 180 वोटरों को ढूंढा नहीं जा सका है, जबकि 14 हजार 311 पहले से ही नामांकित हैं। इसी प्रकार 2 हजार 313 वोटरों के नाम अन्य कारणों से कटेंगे। हालांकि मृत वोटरों को छोड़कर अन्य वोटरों के पास एसआईआर सूची में नाम शामिल कराने का अभी भी मौका है। इसके लिए उन्हें आयोग द्वारा निर्धारित फार्म भरकर प्रमाणिक दस्तावेज जमा करने होंगे। एसआईआर के बाद मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन तथा जिला निर्वाचन आयोग कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार एसआईआर के दौरान 23 दिसंबर 2025 की स्थिति में रायपुर जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र तथा बलौदाबाजार सहित 8 विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 2484 मतदान केंद्रों में कुल वोटरों की संख्या 14 लाख 89 हजार 251 है। इनमें पुरुष वोटर 739821, महिला वोटर 749309 तथ अन्य 121 हैं।

***एसआईआर में कैटेगरी-सी के वोटरों को जारी किया जा रहा नोटिस :*** एसआईआर के दौरान फार्म जमा करने वाले वोटरों को तीन कैटेगरी में शामिल किया है। इसमें कैटेगरी-ए में 528859 वोटर हैं। इस कैटेगरी के सभी वोटर वर्ष 2003 के एसआईआर की सूची में शामिल थे। कैटेगरी-बी में 824631 वोटर हैं। ये वोटर वर्ष 2003 के एसआईआर सूची में शामिल नहीं थे, लेकिन इनके माता-पिता या दादा-दानी के नाम शामिल थे। इसी प्रकार कैटेगरी सी में 135761 वोटर शामिल हैं। ये सभी वोटर न ही स्वयं एसआईआर 2003 की सूची में शामिल थे और न ही इनके माता-पिता या दादा-दादी शामिल थे। इन वोटरों को अब नोटिस जारी कर आयोग द्वारा जारी किए गए 13 प्रमाणिक दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज को पेश करने के लिए कहा गया है।

***133053 वोटरों को नोटिस जारी, 36422 को कराई गई तामिली :*** जिला निर्वाचन आयोग के अफसरों के अनुसार जिले में कैटेगरी-सी में शामिल 135761 वोटरों में से 133053 वोटरों को नोटिस जारी किया गया है, जिनमें से 36422 वोटरों को नोटिस तामिली भी कराई गई है। अफसरों का कहना है कि नोटिस तामिली कराने के साथ वोटरों को प्रमाणिक दस्तावेज पेश करने के लिए तारीख और समय दिया जा रहा है। इस नोटिस के अनुसार वोटर तय दिन और समय पर दस्तावेज पेश कर एसआईआर सूची में अपना नाम जुड़वा भी रहे हैं।

### जिला छोड़ चुके करीब ....

और कितने वोटरों ने फार्म-6 भरे हैं, इसकी जानकारी अभी नहीं आई है।

### अमरकंटक जा रही ....

घायल युवक के परिजन कोटा पहुंच गए। परिजनों के पहुंचने के बाद मृतकों का पीएम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द किया। कार एक्सीडेंट में मृतकों की पहचान रामकुमार धीवर (45) और राजकुमार साहू के रूप में हुई है। वहीं घायलों को इलाज के लिए सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके कारण राजकुमार समेत सामने बैठा एक और युवक अंदर फंसे रहे गए। चना निवासी रामकुमार धीवर, दलदल सिवनी निवासी निलेश्वर धीवर (38), खरोरा मजेठा निवासी सुखसागर मानिकपुरी (39), दलदल सिवनी के अमित चंद्रवंशी और राजकुमार साहू के साथ पूर्णिमा स्नान करने के लिए अमरकंटक जाने के लिए निकले थे। सुबह नौ बजे उनकी कार बेलगहना चौकी क्षेत्र के ग्राम भसको के पास पहुंची। इसी दौरान जंगल में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में रामकुमार धीवर और राजकुमार साहू को गंभीर चोटें आईं, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। निलेश्वर और उनके दो साथी घायल हो गए।

### बकाया जमा करने में ....

राजस्व महकमे को इस बार 400 करोड़ की राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया गया है। इसके एवज में 31 दिसंबर तक के दस जोन की राजस्व विभाग की टीम ने 100 करोड़ से अधिक की राजस्व वसूली कर ली है, जबकि 300 करोड़ की राजस्व वसूली बाकी है। ऐसे में अब उनका फोकस बड़े बकायादारों पर है। राजस्व वसूली अभियान के तहत शनिवार को जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल और सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अंतिम चेतावनी के बाद बकाया संपत्ति कर जमा नहीं करने वाले बड़े बकायादार के 7 व्यावसायिक परिसर को सील कर दिया।

### दुर्लभ कैंसर के कारण ...

मेडियास्टाइनल जर्म सेल ट्यूमर की पुष्टि हुई। प्रारंभिक जांच में छाती के बीच स्थित गांठ पायी गयी, जो हृदय के समीप बड़ी रक्त नलियों से चिपकी हुई थी। उच्च जोखिम को देखते हुए एम्स रायपुर के चिकित्सकों ने पहले कीमोथैरेपी दी। इससे गांठ का आकार छोटा हो गया, तो मरीज को आगे के इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग भेजा गया था। कैंसर सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. आशुतोष गुप्ता ने जांच रिपोर्टों का गहन परीक्षण करने के बाद सर्जरी का निर्णय लिया।

# हाईब्रिड कथित राजकीय पशु पर किए करोड़ों खर्च, अब सौ किलोमीटर दूर भगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

दो दशक से ज्यादा समय तक वन विभाग ने जिन मुर्रा वनभैंसों को राजकीय पशु बताकर करोड़ों रुपए खर्च किया, उन कथित वनभैंसों के वाइल्ड बफेलो के क्रास ब्रीड होने की पुष्टि हुई। उन भैंसों को दो साल बाद उदंती से सौ किलोमीटर दूर खदेड़ दिया गया है। उन कथित वनभैंसों का जब तक डीएनए मिलान नहीं किया गया, विभागीय अफसर उन भैंसों को बाड़े में रख कर हर वर्ष लाखों रुपए खर्च करते रहे।

वन्य जीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने पूरे मामले की जांच कराने की मांग करते हुए पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ अरुण पाण्डेय को पत्र लिखा है। वन्यजीव प्रेमी के अनुसार 2007 में एक ग्रामीण से उसका पालतू भैंस को वन विभाग के अफसर जबरदस्ती वाइल्ड बफेलो ले कर आए, जिसका नाम आशा रखा गया। उसी आशा ने राजा, प्रिंस, मोहन, वीरा, सोमू, खुशी और हीरा को जन्म दिया। इसके बाद वन विभाग के अफसरों ने 27 हजार रुपए में ग्रामीणों से रंभा और मेनका नाम की दो वाइल्ड बफेलो से क्रास भैंस खरीदी। रंभा और मेनका ने मालती और भानुमति को जन्म दिया। चारों ने पार्वती, विष्णु, दुर्गा, किरण, कान्हा, प्रह्लाद, रवि, सोमवती, जानकी, उर्वशी और सूर्या (15 से ज्यादा) को जन्म दिया।

## वाइल्ड बफेलो के 17 क्रास ब्रीड मुर्रा भैंसा को ओडिशा छोड़े जाने की बात सामने आ रही



### सीजेडए के इंकार से मचा हड़कंप

जिन हाई ब्रीड भैंस को वन अफसर वाइल्ड बफेलो बता रहे थे, उन कथित राजकीय पशु से विभागीय अधिकारियों ने असम से लाए गए वाइल्ड बफेलो के साथ मेटिंग कराने सीजेडए से अनुमति मांगी। तब सीजेडए ने इन वन भैसों को हाईब्रीड बता कर, असम के प्योर ब्रीड वन भैंसों के साथ प्रजनन के लिए स्वीकृति देने से इनकार कर दिया। इसके बाद अचानक वन विभाग को समझ में आया और उसे भारत के संविधान की याद आई। अनुच्छेद 48(ए) और 51(ए)(जी) के प्रावधानों का हवाला देते हुए, उप निदेशक यूएसटीआर ने सभी हाईब्रीड वन भैंसों को छोड़ने का प्रस्ताव रखा। बाद में अक्टूबर 2023 में इन्हें बाड़े से भगा दिया गया। बताया गया कि भैंस बाड़ा तोड़कर भाग गए।




### इसलिए भगाए गए हाईब्रीड एनिमल

हाईब्रीड वनभैसों को बाड़े से भगा दिया गया। इसके बाद सभी भैंस किसानों के फसल को नुकसान पहुंचाने लगे। नाराज किसान फसल मुआवजा देने मांग करने लगे। विभागीय अफसरों ने नियमों का हवाला देकर मुआवजा देने से इनकार कर दिया। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने उन भैंसों को पुराना बोमा (बाड़ा) में हकाल कर बंद कर दिया। इसके बाद विभागीय अफसर फसल के समय भैसों को बाड़ा में रखते थे। फसल कटाई होने के बाद भैसों को पुनः खुले में छोड़ देते थे।

## खबर संक्षेप

### ख्रीस्त जयंती जुबली समारोह आज

**रायपुर।** बैरन बाजार स्थित संत जोसेफ महागिरजाघर में 4 जनवरी को ख्रीस्त जयंती जुबली 2025 समारोह आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन गिरजाघर के पल्ली पुरोहित फादर डॉ. जॉन सेवियर के मार्गदर्शन में कैथोलिक ईसाई समुदाय के उपस्थित में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर धूमधाम से मनाया जाएगा। समारोह में उपस्थितजनों के लिए प्रति भोज की व्यवस्था की गई है। यह कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी गुरविंदर सिंह चड्ढा ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी होंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष छग अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा एवं कार्यक्रम के विशेष अतिथि निगम के जल विभाग के अध्यक्ष संतोष सीमा साहू और शहीद बिग्रेडियर उस्मान वार्ड के पार्षद प्रमोद कुमार साहू उपस्थित रहेंगे।

### श्रीमद भागवत कथा की तैयारी के लिए हुई बैठक



**रायपुर।** विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट शाखा द्वारा गुढ़ियारी स्थित अवधपुरी मैदान में सात दिवसीय 7 से 13 जनवरी तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा शुरू होने से पहले 6 जनवरी को सुबह 9 बजे काली मंदिर के पास 2100 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस भागवत कथा के कथावाचक संत चिन्मयानंद बापू महाराज होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक मारुति मंगलम भवन गुढ़ियारी में शनिवार को हुई, जिसमें कलश यात्रा को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश मिश्रा ने कहा कि गुरुदेव बापू का आगमन 5 जनवरी की शाम विमान द्वारा होगा। विमानतल से वे मारुति मंगलमय पधारेंगे। गुरुदेव बापू के प्रतिनिधि मयंक वैद्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों में गुरुदेव द्वारा कथाएं सुनाई जा चुकी हैं। रायपुर में प्रथम बार वृहद कथा का आयोजन हो रहा है, निश्चित ही आयोजन भव्य होगा। बैठक में ओमप्रकाश मिश्रा, मयंक वैद्य, संजय मित्तल, राजेश गोयल, नितिन कुमार झा, अखिलेश तिवारी, शैलेंद्र तिवारी, ज्योति झा, श्वेता सोनी, पार्वती शर्मा, मुक्ता शर्मा, मोनिशा पाण्डेय, रश्मि जैन, के सत्या बाबू आदि उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोइया संयुक्त संघ के आव्हान पर प्रदर्शन

# तूता के धरनास्थल पर पानी की समस्या, गांव से पानी ला रहे प्रदर्शनकारी, मध्यान्ह भोजन रसोइया धरने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- 3 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेश व्यापी धरना, प्रदर्शन का छठवां दिन

छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाले रसोइया तीन सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है तूता स्थित धरना स्थल पर पानी की समस्या से वे परेशान हैं। पीने के पानी से लेकर टायलेट में उपयोग के लिए पानी गांव से लाना पड़ रहा है। राज्य शासन धरना स्थल पर न तो पानी टैंकर की व्यवस्था कर पा रहा है, न ही दूरदराज से आए लोगों की परेशानी से उन्हें कोई मतलब है। पिछले 6 दिनों से वे अपने लंबित मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं।

नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदेश भर के सरकारी स्कूलों के मध्यान्ह भोजन रसोइया आंदोलन करने जुटे हैं। उनकी प्रमुख मांग कलेक्टर दर पर मानदेय दिलाने की मांग, सरकार द्वारा घोषित 50 फीसदी मानदेय वृद्धि को तत्काल लागू करने और छात्र संख्या कम होने के नाम पर रसोइयों को हटाने की प्रक्रिया बंद करने की है। छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोइया संयुक्त संघ के आव्हान पर मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाले रसोइयों ने शासन के खिलाफ अपने लंबित मांगो को लेकर मोर्चा खोल दिया है। नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से प्रदर्शन करने पहुंचे रसोइया में महिला व पुरुष रसोइया शामिल हैं।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामराज कश्यप का कहना है जब तक छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोइयों की मांग पूरी नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। रोज 5 घंटे काम, 2 हजार मानदेय वर्तमान में मध्यान्ह भोजन का कार्य कर रहे रसोइया को प्रातः 10 से लेकर दोपहर 3 बजे तक 5 घंटे कार्य करने के बाद 2 हजार रुपए मानदेय दिया जा रहा है। उनकी मांग है कि कलेक्टर दर पर मानदेय दिया जाए। वर्षों से काम करने के बाद भी उन्हें न्यूनतम मानदेय नहीं मिल रहा है, न ही उन्हें शासकीय नियमित कर्मचारी माना जाता है। अपनी लंबित मांगों को लेकर वे पहले भी शासन के पास गुहार लगा चुके हैं।

### 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग, डीएड अभ्यर्थी आमरण अनशन पर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक भर्ती 2023 में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना से नाराज प्रदेशभर के डीएड अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर आमरण अनशन पर बैठे हैं। ठठुराने वाली ठंड के बावजूद प्रदेश के दूरदराज से आए डीएड अभ्यर्थी छठवें चरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर सभी पात्र डीएड अभ्यर्थियों को नियुक्त दिए जाने की मांग को लेकर अनशन पर हैं। सहायक शिक्षकों के 2300 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग को लेकर डीएड अभ्यर्थी परिवार के साथ 24 दिसंबर से अपने हक की आवाज बुलंद करने तूता स्थित धरना स्थल पर डटे हुए हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि सहायक शिक्षक भर्ती के पांचवें चरण की काउंसलिंग में 2600 पदों पर प्रक्रिया शुरू हुई थी, जिसमें केवल 1299 अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिली। बाकी के 1316 पद रिक्त रह गए साथ ही 984 काउंसिलिंग नहीं हुए पद पर भर्ती होनी है, इस तरह कुल 2300 पद अभी भी रिक्त हैं।



## टाटीबंध में गरजा निगम का तोड़ूदस्ता,18 दुकानें ध्वस्त, सोनडोंगरी में 15 मकानों पर एक्शन

**रायपुर।** शहर में अवैध कब्जा और बिना अनुमति किए जा रहे निर्माणों के खिलाफ शनिवार को नगर निगम का तोड़ूदस्ता जमकर गरजा। नगर निगम जोन 8 की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टाटीबंध और सोनडोंगरी इलाके में करोड़ों की सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया। इस दौरान अवैध रूप से बनाई गई 18 दुकानों और 15 निर्माणाधीन मकानों को जमींदोज कर दिया गया।

- अवैध कब्जे और बिना अनुमति निर्माण पर की कड़ाई

निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के नेतृत्व में शनिवार को वीर सावरकर नगर वार्ड में बड़ी कार्रवाई हुई। इसके साथ ही अटारी जाने वाले मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर टाटीबंध के पास करीब 20 हजार वर्गफीट क्षेत्र में भूमाफिया द्वारा अवैध रूप से 18 दुकानों का निर्माण कर लिया गया था। नगर निगम की टीम ने जेसीबी मशीनों की मदद से इन दुकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। वहीं सोनडोंगरी में अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाकर सड़कें काटी गईं। इसके अलावा पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड के अवधपारा सोनडोंगरी में अवैध प्लाटिंग कर बिना अनुमति के करीब 15 मकानों का निर्माण किया जा रहा था।



### अशोका रतन के सामने अवैध निर्माण तोड़ा

नगर निगम जोन 9 की टीम ने अशोका रतन के सामने 1500 वर्गफीट पर निर्माण की अनुमति लेकर 4 हजार वर्गफीट में बिना अनुमति अतिरिक्त रूप से 2500 वर्गफीट में किए जा रहे अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन और कटर मशीन की सहायता से तोड़ने की कार्रवाई की। जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, सहायक अभियंता सैयद जोहेब, संदीप तिवारी, उप अभियंता अतुल बंसल की सहभागिता रही।

## मुंबई महानगर पालिका चुनाव के लिए प्रदेश के दो महापौर और पूर्व सभापति को भी जिम्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- महापौर रामू रोहरा, संजय पांडेय और संजय श्रीवास्तव रणनीति बनाने और चुनाव प्रचार में जुटे

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के छत्तीसगढ़ ने भाजपा नेताओं का उपयोग दूसरे राज्यों के विधानसभा चुनावों में तो करता ही है, अब मुंबई महा नगर पालिका के चुनाव में प्रदेश के दो महापौरों जगदलपुर के महापौर संजय पांडेय तथा धमतरी के महापौर रामू रोहरा के साथ ही रायपुर नगर निगम के पूर्व सभापति और नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव को जिम्मा दिया गया है। ये मुंबई में पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पहुंचे हैं।

वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव ने कहा, पूरे देश में भाजपा के पक्ष में माहौल है। मुंबई के लोग भी स्थानीय निकाय के चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के मूड में है। मुंबई महा नगर पालिका का चुनाव अभी निर्धारित समय से तीन वर्षों के बाद होने जा रहा है। यह चुनाव वर्ष 2022 में होना था, लेकिन तब यह टल गया और अब इसका चुनाव कराया जा रहा है। मुंबई महा नगर पालिका का चुनाव काफी विस्तृत होता है और इसके अंतर्गत 6 जिले आते हैं, जिसमें 227 वार्ड शामिल है। भारतीय जनता पार्टी इस चुनाव में शिवसेना शिंदे के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ रही है। इसमें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश से तीन-तीन तथा उत्तरप्रदेश और गुजरात से एक-एक सदस्य कुल आठ सदस्यों की टीम पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पहुंची हैं। चुनाव के लिए 15 जनवरी को मतदान होगा। संजय श्रीवास्तव ने बताया, छत्तीसगढ़ से मुंबई पहुंचे सदस्यों को विभिन्न वार्डों में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है। राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा यहां विभिन्न राज्यों से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को चुनाव प्रचार के लिए भेजा गया है।

छत्तीसगढ़ देश में सबसे ज्यादा कीमत पर धान खरीदने वाला राज्य

# मंत्री नेताम ने कहा- 2 साल में बीज, कृषि यंत्र और सिंचाई में बड़ा काम, पशुपालन भी बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, छत्तीसगढ़ पूरे देश में सबसे ज्यादा दर पर धान खरीदने वाला राज्य है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार किसानों को धान पर बोनस भी देती है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के दो साल पूरे होने पर कृषि विभाग द्वारा किसानों की आर्थिक और सामाजिक उन्नति के लिए कई अहम काम किए गए हैं। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं।

पिछले दो वर्षों में बीज, कृषि यंत्र और सिंचाई में बड़ा काम हुआ है। किसानों को 21 लाख क्विंटल से अधिक प्रमाणित बीज वितरित, 5,000 से अधिक किसानों को कृषि यंत्र वितरित, 2,200 से अधिक किसानों को ट्रैक्टर, 22,000 हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई, 33,000 से अधिक किसानों को इसका लाभ मिला है। जैविक खेती और फसल समर्थन योजना में 38,000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में जैविक खेती, 50,000 हेक्टेयर क्षेत्र में जैविक प्रमाणीकरण जारी है। छत्तीसगढ़ सरकार लगातार विकास कर रहा है और किसानों के हितों को ध्यान में रखकर आगे भी काम करती रहेगी।



### किसानों को समय पर मिल रहे खाद-बीज

मंत्री नेताम ने कहा, सरकार ने पीपीटी के माध्यम से यह स्पष्ट किया है कि किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध कराए गए। पहले खाद-बीज की उपलब्धता सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन अब व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और इसका सकारात्मक असर कृषि उत्पादन पर भी पड़ा है। उन्होंने बताया कि धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होकर 31 जनवरी तक चलेगी। अब तक 18,644 करोड़ रुपये किसानों के खातों में जमा किए जा चुके हैं और 31 जनवरी तक शेष किसानों से भी धान खरीदी पूरी कर ली जाएगी। पिछले दो वर्षों में धान की रिकॉर्ड खरीदी दर्ज की गई है।

### वैल्यू एडिशन पर फोकस

उन्होंने बताया कि 2047 विजन के तहत फसल उत्पादन में वैल्यू एडिशन पर फोकस किया जा रहा है और किसानों के एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन) को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से 1.89 लाख किसानों को 854 करोड़ रुपये का लाभ मिला है। खरीफ 2025 से धान के अलावा अन्य फसलों के किसानों को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा। कृषि मंत्री ने बताया कि प्रदेश में करीब 33 हजार गन्ना उत्पादक किसान हैं. 17 लाख 25 हजार मीट्रिक टन से अधिक गन्ना खरीदा गया. किसानों को 92 करोड़ 57 लाख रुपये बोनस के रूप में दिए गए।

### सरकार की प्राथमिकता में दलहन-तिलहन

मंत्री ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, गौधाम योजना के तहत गौठानों की स्वीकृति, पशुओं के इलाज व देखभाल की व्यवस्था तथा पॉम ऑयल की खेती के प्रति बढ़ते रुझान की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान अब दलहन, तिलहन और मसालों की खेती की ओर भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव शहला निगार ने विभागीय उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, मिट्टी की उर्वरता और जलवायु को ध्यान में रखते हुए कृषि योजनाएं तैयार की जा रही हैं। प्राकृतिक उर्वरकों को बढ़ावा दिया जा रहा है और एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से आबंटन किया जाएगा। रबी फसलों के क्षेत्र विस्तार के साथ दलहन-तिलहन को सरकार की प्राथमिकता में रखा गया है।


## चौबीस घंटे में 11 से 15.3 हुआ माना का न्यूनतम तापमान

# बादलों के असर से एक से चार डिग्री तक चढ़ा पारा, ठंड पर असर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से छाए बादलों के कारण न्यूनतम तापमान में पिछले चौबीस घंटे में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। माना में 11 डिग्री का पारा 15.3 तक पहुंच गया है। रात के तापमान में हुई बढ़ोतरी का कोई बड़ा प्रभाव ठंड पर नहीं हुआ है। विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद तापमान में पुनः गिरावट होने की संभावना बन रही है।

जनवरी का महीना ठंड का मुख्य मौसम होता है और इसका प्रभाव शुरुआत से दिख रहा है। वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव होने की वजह से न्यूनतम तापमान में बदलाव हो रहा है। आने वाली नमी के असर से बादल छा रहे हैं जिससे न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य के न्यूनतम तापमान में एक से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हुई है। माना का तापमान 11 से उछलकर 15.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसी तरह मैदानी इलाकों में रात का पारा एक से तीन डिग्री तक बढ़ा। सरगुजा संभाग के शहरों में तापमान में विशेष बदलाव नहीं हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक तापमान में होने वाली बढ़ोतरी का ठंड पर कोई खास असर नहीं हुआ। विक्षोभ का असर समाप्त होने के बाद तापमान नीचे लुढ़केगा जिससे ठंड का अनुभव और बढ़ने की संभावना है। अगले चौबीस घंटे में सरगुजा और अंबिकापुर में गहरा धुंध छाने की संभावना है।









हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 4 जनवरी 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



'सिखों के अंतिम गुरु, गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर में शनिवार को भव्य नगर कीर्तन यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भारी तादाद में सिख समाज के लोग जहां परिवार के साथ शामिल हुए। वहीं व्यापारियों, सामाजिक संस्थाओं के साथ धार्मिक संगठनों ने भी शोभायात्रा के स्वागत के लिए जगह-जगह मंच सजाया। गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर से अपरान्ह 4 बजे पंज प्यारों की अगवाई में शोभायात्रा निकाली गई। गुरुपथ पर फूल बिछाते हुए संगत आगे बढ़ी। खालसाई शानो-शौकत के बीच अखाड़ा दल से जुड़े सिख युवाओं ने भी हैरतअंगेज गतका, तलवारबाजी, लाठी चालन करते हुए लोगों को अचंभित किया। तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पास सीने पर बर्फ की सिल्ली तोड़ते हुए सभी को चौंकाया।'

## एजुकेशन अलर्ट

### जेल वार्डर के 1733 पदों पर रजिस्ट्रेशन शुरू, 10वीं पास युवाओं के लिए मौका

**रायपुर।** झारखंड में सरकारी नौकरी का सपना देखने वाले युवाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। दरअसल झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से जेल वार्डर के कुल 1733 पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। बता दें, जेल वार्डर के पदों पर आवेदन 09 जनवरी से शुरू हो जाएंगे। हालांकि इन पदों पर आवेदन प्रक्रिया 7 नवंबर, 2025 से शुरू होनी थी। लेकिन कुछ कारणवश आवेदन प्रक्रिया को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया था। बता दें इन पदों पर आवेदन प्रक्रिया अब दोबारा शुरू होने वाली है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार जेल वार्डर के पदों पर 08 फरवरी, 2026 तक अप्लाई कर सकेंगे। इसके साथ ही उम्मीदवारों को 11 से 13 फरवरी के बीच फॉर्म में करेक्शन करने का मौका दिया जाएगा। जेल वार्डर के पदों पर आवेदन करने के लिए सभी वर्ग के उम्मीदवारों को परीक्षा शुल्क का भुगतान करना होगा।




#### पात्रता एवं वेतन

इस पद पर चयनित किए गए उम्मीदवारों को प्रतिमाह 19,900 रुपये से लेकर 63,200 रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे। इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों ने भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की हो। उम्मीदवारों की आयु की गणना 01 अगस्त, 2025 के आधार पर की जाएगी। न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है। अनारक्षित वर्ग के पुरुष उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 25 वर्ष, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के उम्मीदावरों की अधिकतम आयु 27 वर्ष और एससी एवं एसटी उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 30 वर्ष निर्धारित की गई है।

#### आवेदन प्रक्रिया इस तरह

आवेदन ऑनलाइन माध्यम में स्वीकार किए जाएंगे। ऐसे में उम्मीदवारों की सहायता के लिए यहां ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के आसान स्टेप्स बताए गए हैं, जिसे फॉलो करके उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए उम्मीदावरों को सबसे पहले **www.jssc.jharkhand.gov.in** पर जाकर विजिट करना होगा।अब वेबसाइट के होमपेज पर **Online Application for JKCE**-2025 पर क्लिक करना होगा।इसके बाद रजिस्ट्रेशन करने के लिए मोबाइल नबंर और ईमेल आईडी को दर्ज करना होगा।अब दस्तावजों को अपलोड करने के बाद परीक्षा शुल्क का भुगतान करना होगा।अंत में फॉर्म भरने के बाद इसका एक प्रिंट आउट भी अवश्य निकाल लें।

# पंज प्यारों के पथ पर सिख संगत ने बिछाए आस्था के फूल अखाड़ा दल ने सीने पर बर्फ की सिल्ली तोड़कर चौंकाया

## राजधानी में गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन में छलका उत्साह, ऐतिहासिक झांकी आकर्षण का केंद्र

**रायपुर।** नगर कीर्तन में शामिल संगत ने आने-जाने वाले लोगों के बीच बनाई गई व्यवस्था के बीच सादगी से गुरुग्रंथ साहिब की पालकी का अनुसरण किया। सबसे पहले टैंकर, उसके पीछे झाड़ बुहारते हुए महिलाओं के साथ युवाओं नें भी सेवा दी। इनके आगे कीर्तन करते हुए चलते हुए संगत गुरुपथ पर फूल बरसाते हुए आगे बढ़ रही थी। गुरुग्रंथ साहिब की पालकी के साथ ही संगत आस्था के साथ शबद गायन करते हुए कीर्तन दल चल रहे थे। इनके बीच में शहीद भाई तारू सिंह अखाड़ा दल से जुड़े बच्चों और युवाओं ने अलग-अलग विधा में गजब का शौर्य प्रदर्शन मुख्य मार्गों पर शोभायात्रा के दौरान किया। श्याम नगर से होते हुए मरीन ड्राइव चौक, केनाल रोड से होते हुए संगत पंडरी चौक से पंडरी गुरुद्वारा पहुंची। इस बीच श्रद्धा, भक्ति एवं ऐतिहासिक चेतना के लिहाज से ही शोभायात्रा में झांकियों को इस बार छत्तीसगढ़ सिख काउंसिल द्वारा तैयार किया गया था। चलित झांकियां भी शोभायात्रा के दौरान लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रही।





### समाज ने खुद संभाली व्यवस्था, छलका उत्साह

इस शोभायात्रा में राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ सिख काउंसिल के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि "इस झांकी का उद्देश्य सिख समाज के गौरवशाली, त्याग और बलिदान से परिपूर्ण इतिहास को जन-जन तक पहुंचाना है। इससे युवाओं और बच्चों को गुरु परंपरा, साहिबजादों के अदम्य साहस और धर्म के लिए दिए गए बलिदानों से प्रेरणा मिलेगी"। महासचिव गगनदीप हंसपाल, जस्सी खनूजा, योगेश सैनी, राजविंदर खालसा ने नगर कीर्तन यात्रा को सफल बनाने में योगदान दिया। गुरदीप टुटेजा, पप्पू सलूजा, सोनू सलूजा, जसबीर सिंह, इंद्रजीत सिंह ने व्यवस्था की कमान संभाली। सैकड़ों की तादाद में सिख समाजजनों समेत लोग संगत में शामिल हुए।



### कई जगह स्वागत, शौर्य दल ने किया तलवार चालन

श्याम नगर से तेलीबांधा चौक और वहां से मरीन ड्राइव पहुंचने में शाम को साढ़े 5 बज गए थे। वहां से केनाल रोड पर अखाड़ा दल के पारंगत खिलाड़ियों ने जमकर गतका का प्रदर्शन किया। इसे आते-जाते लोगों ने कैमरे में कैद किया। शौर्य प्रदर्शन दल के युवाओं द्वारा किए गए तलवार चालन को देखकर लोग आश्चर्यचकित हुए, क्योंकि उनके बीच वार कुछ इसी तरह से किए जा रहे थे, मानों दो युवा शौर्य का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने सड़क पर उतरे हैं, लेकिन कुछ पल रुकने के बाद लोगों का भ्रम तब दूर हुआ, जब वे एक-दूसरे को सिर झुकाते हुए खुद हट गए। इसी तरह आग की लपटों के बीच से जंप करके और सीने पर बर्फ की सिल्ली तोड़ने के लिए हथौड़े का वार देखकर लोग अचंभित हुए।



### गुरु परिवार के संघर्ष, ऐतिहासिक पलों की झांकी

नगर कीर्तन में शामिल की गई झांकी की महत्ता बताने के लिए सरसा नदी पार करते हुए गुरु गोविंद सिंह जी का पूरा परिवार बिछड़ गया था। इस प्रसंग का जिक्र करते हुए छत्तीसगढ़ सिख काउंसिल की प्रस्तुत झांकी ने हर किसी को आकर्षित किया। सिख इतिहास के मार्मिक एवं गौरवशाली अध्याय को जीवंत रूप में दर्शाया गया। इसमें तेज बहाव वाली सरसा नदी को पार करते समय गुरु परिवार का बिछड़ना, परिवार का तीन हिस्सों में विभाजित होना, इसके बाद दोनों बड़े साहिबजादों की युद्धभूमि में शहादत, छोटे साहिबजादों को जिंदा दीवार में चुनवाया जाना तथा माता गुजरीजी का बलिदान, इन सभी ऐतिहासिक घटनाओं की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

## सिटी इवेंट

### विशेषज्ञों ने दी सीपीआर की ट्रेनिंग, सड़क हादसों में प्राथमिक उपचार का लाइव-डेमो



**रायपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने प्रदेशभर में सड़क सुरक्षा अभियान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज राष्ट्रीय राजमार्ग–53 पर लाइव मॉक-ड्रिल किया गया। मॉक-ड्रिल के दौरान यात्रियों, वाहन चालकों एवं एनएचएआई के फील्ड स्टॉफ को कई तरह की आपात परिस्थितियों से निपटने व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान दौरान विशेषज्ञों ने सड़क दुर्घटना और मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान करने के तरीकों का प्रदर्शन भी किया। मॉक-ड्रिल के दौरान विशेषज्ञों ने हार्ट-अटैक की स्थिति में सीपीआर देने के सही एवं वैज्ञानिक तकनीक का लाइव-डेमो दिया। उन्होंने अचानक बेहोशी, अत्यधिक रक्तस्राव, सांस लेने में कठिनाई जैसी मेडिकल आपात स्थितियों में प्राथमिक उपचार की भी जानकारी दी।



#### कोहरे एवं रात्रि यात्रा में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के प्रयास

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान एनएचएआई द्वारा सर्दियों के मौसम में कोहरे एवं रात में यात्रा के दौरान दुर्घटना की संभावना को कम करने वाहनों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जा रहे हैं। साथ ही वाहन चालकों एवं यात्रियों से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन सुनिश्चित करने की अपील भी की जा रही है। मॉक-ड्रिल में वाहन में तकनीकी खराबी और सड़क दुर्घटना में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की भी जानकारी दी गई। दुर्घटना के बाद यात्रियों को सुरक्षित ढंग से वाहन से बाहर निकालने, संयम बनाए रखने तथा इस दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में भी विशेषज्ञों ने विस्तार से बताया।

# जलधरोहर बचाने का संकल्प, महाराजबंध तालाब आधा साफ, 50 ट्रक कचरा निकाला

**रायपुर।** महाराजबंध तालाब को स्वच्छ एवं संरक्षित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ के तालाब सफाई अभियान ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। इस अभियान को 20 दिन से अधिक हो चुके हैं और अब तक तालाब के लगभग आधे हिस्से की सफाई कर ली गई है। संस्था का दावा है कि अभियान के दौरान तालाब से लगभग 50 ट्रक कचरा, प्लास्टिक, पॉलीथिन एवं गाद बाहर निकाली जा चुकी है। साथ ही विसर्जन के बाद तालाब में पड़े 30 से अधिक झांकियों के अवशेष भी हटाए गए हैं, जिससे तालाब की स्थिति में लगातार सुधार देखा जा रहा है। ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक अमिताभ दुबे ने कहा, "ग्रीन आर्मी का यह अभियान शहर की जलधरोहर को बचाने का संकल्प है। 20 दिनों में आधा महाराजबंध तालाब साफ होना और 50 ट्रक कचरा बाहर निकलना हमारे योद्धाओं की मेहनत और जनसहयोग का परिणाम है। ग्रीन आर्मी का लक्ष्य केवल सफाई नहीं, बल्कि लोगों में जिम्मेदारी की भावना जगाना है, ताकि महाराजबंध हमेशा स्वच्छ और सुरक्षित बना रहे।" ग्रीन आर्मी ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि वे तालाब को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें, गंदगी न फैलाएं और इस अभियान से जुड़कर रायपुर की अमूल्य जलधरोहर को सुरक्षित रखने में अपनी भूमिका निभाएं। संस्था के सदस्य, स्कूली छात्र एवं आमजन इस अभियान में सहयोग कर रहे हैं।



# सिया का जूनियर मिस इंडिया ग्रैंड फिनाले के लिए चयन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की होनहार बाल प्रतिभा सिया सुर ने एक बार फिर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। सिया का चयन प्रतिष्ठित जूनियर मिस इंडिया प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले के लिए हुआ है, जो 6, 7 और 8 जनवरी को जयपुर में आयोजित है। कम उम्र में अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत से सिया ने यह मुकाम हासिल किया है। इस अवसर ने न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे राज्य को गर्व का अवसर दिया है। सिया का यह सफर उन सभी बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं, जो फैशन, कला और मंच पर खुद को साबित करने का सपना देखते हैं। प्रतियोगिता के फिनाले में देशभर से चुनी गई प्रतिभाएं हिस्सा लेंगी।




## ठंड में बदला होटलों का मेन्यू, शरीर गर्म रखने घर, रेस्टोरेंट-होटल के खानपान में बदलाव

# होटलों में बाजरे की रोटी-सरसों के साग की मांग बढ़ी शरीर को गर्म करने चाइनीज सूप पहली पसंद

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** ठंड बढ़ने के साथ ही घर और रेस्टोरेंट-होटल के मेन्यू भी बदलने लगे हैं। होटल और रेस्टोरेंट के किचन से मौसमी सब्जियों की महक आने लगी है। घरों की रसोई का भी यही हाल है। जो लोग घर-परिवार से दूर हैं या देसी खाने का स्वाद लेना चाहते हैं, उनके लिए होटल के नए मेन्यू कार्ड में कई तरह के देसी और पारंपरिक खाने शामिल किए गए हैं। सर्दी शुरू होते ही मेथी, मूली, गोभी के पराठे के साथ दही का काम्बिनेशन है। वहीं कोलड्रिंक का स्थान गर्मागर्म सूप ने ले लिया है। शरीर को गर्म करने के लिए चाइनीज सूप को प्राथमिकता दी जा रही है। हरिभूमि ने शहर के विभिन्न होटलों के शेफ से बातचीत की। उनका कहना है कि जाड़े के मौसम में लोगों की डाइट बढ़ जाती है। लोग गरम खाना पसंद करते हैं, इसलिए इस मौसम के व्यंजनों की बात ही कुछ और है। होटलों में लोगों की पसंद के अनुसार मक्के और बाजरे की रोटी, सरसों का साग, शलजम और मूली की भुजिया, मेथी-आलू की सब्जी और स्वीट डिश में गाजर का हलवा परोसा जा रहा है।



#### सरसों के साग की स्पेशल थाली

*शहर के ज्यादातर होटलों में सर्दियों में मोटे अनाज की रोटियां मेन्यू में शामिल की गई हैं। ज्वार, बाजरे और मक्के की रोटी खाने को मिल रही है। मक्के की रोटी ते सरसों का साग, मुगलाई कबाब के साथ मक्के की रोटी और सरसों के साग की थाली का जलवा सदाबहार है। ढाबे में भी कनॉट प्लेस की तर्ज पर काके दा ढाबा, गरम धरम, दाना चोगा, पिंड बलूची ले सकते हैं। यहां सरसों का साग और मक्के की रोटी के साथ थाली में गुड़ भी परोसा जा रहा है। सरसों का साग पारंपरिक तरीके से ही पकाया जा रहा है। सर्दियों में तो यह स्पेशल मेन्यू होता है। इसके साथ पालक चिकन भी बेहद पसंद किया जाता है।*

#### ठंड में देसी खाने का ले रहे स्वाद

इस समय लोग हरी सब्जियों की डिमांड करते हैं और कुछ ऐसा खाना चाहते हैं, जिसमें गांव के देसी खाने की महक हो, जैसे घर में दादी-नानी पकाती थीं। इसलिए मौसम बदलते ही मेन्यू में हरी सब्जियों वाली डिश बढ़ा दी गई है। होटल संचालक का कहना है कि लोगों की पसंद के अनुसार नाश्ते, लंच और डिनर के मेन्यू रखे जा रहे हैं। इन दिनों स्वीट डिश में गाजर के हलवे की डिमांड काफी होती है।

#### कोलड्रिंक की मांग घटी, आइसक्रीम बरकरार

भले ही ठंड में कोलड्रिंक का मार्केट ठंडा पड़ने लगा है, लेकिन आइसक्रीम की डिमांड में कोई कमी नहीं आई है। नया रायपुर स्थित होटल संचालक महेंद्र चौधरी ने बताया कि मौसम के साथ ड्रिंक, सलाद और सूप के मैन्यू में भी बदलाव किया गया है। इसमें हॉट चॉकलेट ड्रिंक, रोस्टेड पंपकिन सूप और भुना चुकंदर, पनीर, अखरोट, बालसैमिक सिरका सलाद को शामिल किया गया है। देसी और विदेशी डिश शरीर को गर्म रखने में मदद करती है। बीमारियों से भी बचाए रखती है।

#### काढ़ा और सूप को प्राथमिकता

जोरा रोड स्थित होटल से हरेंद्र ने बताया कि मेन्यू के अलावा लोगों की डिमांड पर भी डिश तैयार की जाती है। इन दिनों स्पेशल चाय, काढ़ा, सूप, हॉट स्नैक्स की डिमांड की जा रही, जिसे लोग अपने अनुसार तैयार कराते हैं। उनका कहना है कि मसाला काढ़ा ठंड में स्पेशल है। कुछ मसाले दूसरे राज्यों से भी मंगाए हैं। ये ठंड में ही लोगों को मिलता है।

धर्म लाइव

## सजगता और एकाग्रता के लिए अब सिंगारभाठा में होगा ध्यान परिचय



**रायपुर।** धम्मकुटी विपश्यना ध्यान केंद्र सिंगारभाठा में जनसामान्य को भारत की समृद्ध विरासत विपश्यना के बारे मे जानकारी देने के लिए विपश्यना ध्यान परिचय का आयोजन किया गया। इसके तहत सजगता, एकाग्रता, सुख, शांति के लिए अपने सहज स्वाभाविक सांस के आलंबन पर आनापान ध्यान का व्यवहारिक प्रशिक्षण तथा विपश्यना ध्यान के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी का समावेश किया गया। इसके साथ ही दस दिवसीय विपश्यना शिविर के समय सारिणी एवं अनुशासन संहिता के समावेश की जानकारी दी। इसमें छत्तीसगढ़ विपश्यना ट्रस्ट रायपुर द्वारा संचालित धम्म कुटी विपश्यना ध्यान केंद्र में 2026 में आयोजित दस दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर की रूपरेखा तय की गई। एक दिवसीय बाल आनापान शिविर तथा सात दिवसीय विपश्यना युवा शिविर के बारे में जानकारी देंगे।

### साधकों के लिए किया जाएगा निःशुल्क आयोजन

छत्तीसगढ़ विपश्यना ट्रस्ट रायपुर द्वारा किया जाने वाला यह आयोजन निशुल्क है। छत्तीसगढ़ में स्थित चार विपश्यना ध्यान केंद्रों के केंद्र आचार्य सीताराम साहू ने बताया कि सया ऊबा, खिन्न की परंपरा में विश्व विपश्यना आचार्य सत्यनारायण गोयनका द्वारा सिखाए जाने वाली विश्व में 265 स्थायी विपश्यना ध्यान केंद्रों तथा 129 अस्थाई विपश्यना ध्यान केंदों में विपश्यना ध्यान शिविर आयोजित किया जाता है। इसमें भारत में 126 स्थायी विपश्यना ध्यान केंद्रों में विपश्यना ध्यान शिविर आयोजित किया जाता है। इस संबंध में विदित हो कि अमेरिका में 32 स्थायी विपश्यना ध्यान केंद्रों तथा 44 अस्थाई विपश्यना केंद्रों में ध्यान शिविर का आयोजन किया जाता है।

सिटी लाइव

## अभिनव वाचन, निबंध और पत्र लेखन के विजेताओं को आज करेंगे पुरस्कृत

**रायपुर।** मध्यप्रदेश मराठी अदाकमी इंदौर की ओर से आयोजित मराठी अभिनव वाचन, निबंध, पत्र लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को 4 जनवरी को पुरस्कृत किया जाएगा। यह आयोजन महाराष्ट्र मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में दोपहर साढ़े 12 बजे से शुरू होगा। मध्यप्रदेश मराठी अकादमी इंदौर की छत्तीसगढ़ केंद्र प्रभारी और महाराष्ट्र मंडल की मराठी साहित्य समिति प्रमुख कुमुद लाड ने बताया कि मुंबई पुलिस के पूर्व अधीक्षक विश्वास नागरे द्वारा लिखित पुस्तक 'कर हर मैदान फतेह' का रायपुर परीक्षा केंद्र में लगभग 30 सदस्यों ने वाचन किया। अप्रैल 2025 में हुई इस राष्ट्रीय स्पर्धा में राजस्थान, नई दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था।

### इनकी विशेष मौजूदगी में होगा समारोह

इन स्पर्धाओं के विजेताओं का पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और भिलाई के प्रतिभागी शामिल हैं। लाड के अनुसार रविवार को होने वाले पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि बृहन्महाराष्ट्र मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शेखर राव साहेब अमीन और विशेष अतिथि बृहन्महाराष्ट्र मंडल छत्तीसगढ़ कार्यवाह सुबोध टोले होंगे। समारोह की अध्यक्षता महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले करेंगे। मध्य प्रदेश मराठी अकादमी इंदौर के सचिव मिलिंद देशपांडे और परीक्षा प्रभारी राजीव बागदरे भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

समाज इवेंट

## मेकाहारा ऑडिटोरियम में आज होगा सद्गुरु कबीर स्मृति महोत्सव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ संत संगठन सद्गुरु कबीर विश्व शांति मिशन के तत्वावधान में मेकाहारा ऑडिटोरियम में अध्यात्म सम्मेलन एवं कबीर स्मृति महोत्सव का आयोजन 4 जनवरी को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक किया जा रहा है। इसमें संत गुरुभूषण साहेब गुजरात, आचार्य मंगल साहेब कबीर मठ नादिया, महंत राजेश्री रामसुंदर दास दूधाधारी मठ, संत रामबालक दास पाटेश्वर धाम, साध्वी चंद्रकला साहब, साध्वी भुवन ज्योति साहेब, साध्वी समष्टि, साध्वी समता व दामाखेड़ा दयानाम साहेब परंपरा प्रतिनिधि संत इसमें शामिल होंगे। सद्गुरु कबीर विश्व शांति मिशन से संत-साध्वी 200 से अधिक संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम में सीएम विष्णु देव साय मुख्य अतिथि होंगे तथा अध्यक्षता डिप्टी सीएम विजय शर्मा करेंगे। आत्मीय अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा मंचस्थ होंगे।

### आयोजन को सफल बनाने मीटिंग, दी जिम्मेदारी

इस आयोजन में निशक्तजन आयोग के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया, महापौर मीनल चौबे प्रमुख रूप से शामिल होंगे। पद्मश्री भारती बंधु कबीर भजनों की प्रस्तुति देंगे, साथ ही डॉ. सुरेश ठाकुर की सूफी गायकी आयोजन का हिस्सा होगी। अध्यात्म सम्मेलन, कबीर विचार गोष्ठी एवं भजन के रूप में यह आयोजन संचालित होगा। इसका शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया जाएगा और समापन में संतों की आरती, गुरुपूजा के साथ भोजन-भंडारा होगा। इसकी तैयारी को लेकर साहू भवन टिकरापारा में मीटिंग की गई। इसमें सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्ययोजना बनाई गई। सहयोगी संस्था के रूप में आमीन माता महिला मंडल कबीर सत्संग समिति, कबीरपंथी साहू समाज, युवा संस्था, युवा कबीर सैनिक सेवार्थी संघ, कबीर पारख समिति, दयानाम साहेब समिति शामिल है।

### छेरछेरा पर्व पर सुबह घरों में गूंजा- छेरी के छेरा छेरछेरा, माई कोठी के धान ल हेर हेरा

# सुबह से दोपहर तक घरों से दान में मांगा धान, मंडी में बेचकर बच्चों-युवाओं की टोलियों ने मनाया छेरछेरा पर्व

हाथों में टोकरी और बोरी लिए बच्चे छेरछेरा मांगने शनिवार की सुबह घरों से निकले। छेरी के छेरा छेरछेरा, माई कोठी के धान ल हेर हेरा, छेरछेरा देबे ओ बाई, छेरछेरा देबे ओ गौटिया, तभे टरबो.' इस गीत के साथ सुबह लोगों के घरों पर दस्तक दी। महिलाओं ने सभी बच्चों को सूपे में भरकर धान-चावल दान किए और जितने भी बच्चे मांगने आए थे, उन्हें मुट्ठी भर-भरकर धान-चावल दिया।



**रायपुर।** दान मिलते ही बच्चे 'कोठी अन्न-धन से भरपूर रहे' का आशीर्वाद देकर अन्य घरों की ओर चल पड़े। यह नजारा पुरानी बस्ती, लाखेनगर, सुंदरनगर, न्यू पुरैना, महावीर नगर, अमलीडीह समेत शहर से लगे टेकारी और दतरेंगा, अम्लेश्वर जैसे ग्रामीण इलाकों में दिखाई दिया। पौष माह की पूर्णिमा तिथि को छेरछेरा लोकपर्व को लेकर शहर और ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सुबह से दोपहर तक छेरछेरा का दान लिया, इसके बाद चावल और धान बेचने मंडी पहुंचे। पर्व के अवसर पर सुबह घरों में देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही मीठा चीला, गुलगुला समेत अन्य पारंपरिक व्यंजन भी बनाए गए।

### टोलियां बनाकर मोहल्लों में पहुंचे बच्चे

छेरछेरा का पर्व वैसे तो यह गांवों का त्योहार है, लेकिन शहर में भी इसकी रौनक देखने मिली। शहर से लगे गांवों में बच्चे और बड़ों को डंडा नृत्य कर छेरछेरा की परंपरा का निर्वहन करते देखा गया। साथ ही मोहल्लों में धान नहीं होने से बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट, चावल, फल और रुपए उपहार स्वरूप दिए और दान करने की परंपरा को निभाया। मोहल्लों में बच्चे और युवा टोलियां बनकर सुबह 7 बजे से से दान मांगने के लिए निकल पड़े थे।

### युवाओं में भी दिखा उत्साह

छेरछेरा पर्व को लेकर बच्चों के साथ युवाओं में भी उत्साह देखने को मिला। शहर में 8 साल से लेकर 15 साल तक के बच्चे छेरछेरा पर घर और दुकानों में दान मांगने पहुंचे तो वहीं गांव में 15 से 20 साल के युवाओं ने छेरछेरा पर दान मांगने की परंपरा निभाई, इस मौके पर पारंपरिक सुआ नृत्य और डंडा नृत्य भी गांवों में देखने को मिला।

### महादेवघाट में रही रौनक



छेरछेरा पर्व को लेकर महादेवघाट में रौनक देखने को मिली। सामान्य दिनों की तुलना में यहां हजारों की संख्या में भीड़ अधिक देखी गई है। इस दौरान लोगों ने नौका विहार के साथ-साथ लक्ष्मण झूला और गार्डन में परिवार व दोस्तों के साथ समय बिताया। रायपुर के साथ-साथ अम्लेश्वर से भी लोग भ्रमण के लिए पहुंचे थे। सुबह से देर शाम तक मंदिर में भगवान के दर्शन करने श्रद्धालु भी पहुंचते रहे। रात में भी नौका विहार करने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।



### 12 रुपए किलो में बेचा धान, मनाया उत्सव

सुबह से दोपहर में बच्चों की टोलियों को 40 से 80 किलो तक धान दान में मिला, जिसे मंडी व दुकानों में 12 रुपए किलो के हिसाब से बेचा, फिर आपस में पैसे बांट लिए। कुछ बच्चों और युवाओं ने उस पैसे से खाने की चीजें खरीदी और उत्सव मनाया। दतरेंगा में ममता, सुलोचना और दीप्ति ने तीन घंटे छेरछेरा मांगकर 400 रुपए की कमाई की। बच्चों ने बताया कि 35 किलो धान बेचा और तीनों ने पैसे बांट लिए तो वहीं रोशन ने चार अन्य दोस्तों के साथ छेरछेरा से 100 किलो धान एकत्र किया, जिसे बेचने पर उन्हें 1500 रुपए मिले। बच्चों ने बताया कि हर साथ दोस्तों के साथ मिलकर छेराछेरा मांगे घर-घर जाते हैं।

# सही प्लानिंग बनाकर काम करने से हर परीक्षा में मिलेगी सफलता



**रायपुर।** मोबाइल और परिवार से दूर रहकर पढ़ाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होना चाहिए। सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता, सही प्लानिंग बनाकर तैयारी करने से हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। यूपीएससी में आल इंडिया लेवल पर 26वीं रैंक हासिल कर इंडियन फॉरेस्ट सर्विसेज में सलेक्ट होने वाले रायपुर के पुष्कर काले ने कहा कि यूपीएससी की तैयारी के लिए सही प्लानिंग तैयार करना और उसे फॉलो करना जरूरी होता है। उन्होंने शनिवार को महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में करियर को लेकर विद्यार्थियों के डाउट्स क्लीयर किए। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि आईएफएस में सलेक्ट होकर झारखंड में पदस्थ पुष्कर ने 11वीं-12वीं के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी को लेकर जरूरी टिप्स दिए। उन्होंने छात्रा श्रद्धा ईस्सर के सवाल पर मुश्किल प्रश्नों को याद करने के तरीके के बारे में बताया। सभी सवालों के जवाब प्वाइंट्स बनाकर याद करने की सलाह दिए।

### तैयार रहें कि आपने सब कुछ पढ़ लिया



उन्होंने बताया कि इससे याद करने में आसानी होगी और आप भूलेंगे नहीं। वहीं 12वीं विज्ञान की छात्रा इफ्फत बानो पटेल ने पूछा कि परीक्षा में होने वाले तनाव से खुद को कैसे सुरक्षित करें। इस पर पुष्कर ने कहा कि परीक्षा के लिए जाने से कुछ समय पहले पढ़ना बंद कर दें, यानी अपनी तैयारी परीक्षा प्रारंभ होने के पहले पूरी कर लें। ज्यादा तनाव लेकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश करते समय भी पढ़ने की कोशिश न करें, ताकि आपका मन इस बात के लिए तैयार रहे कि आपने सबकुछ पढ़ लिया है, इससे तनाव नहीं होगा। जिया रमानी, ओंकार दास, अभिजीत ने भी सवाल पूछे। वहीं पुष्कर के साथ उनके पिता विनय काले ने बच्चों को पुत्र की मेहनत और सफलता पर गर्व होने का एहसास कराया। स्कूल प्रभारी पारितोष डोनगांवकर, नवीन देशमुख और उपप्राचार्य राहुल वोड़ितेलवार भी शामिल हुए।



# दादा गुरुदेव के आशीर्वाद से राष्ट्रीय कैलेंडर का आज किया विमोचन

**रायपुर।** आचार्य भगवंत श्री जिनमणि प्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जैन दादाबाड़ी में लगातार सात वर्षों से पूनम व अमावस की आराधना-साधना का विधान भक्तिभाव से जारी है। गुरुभक्तों के समर्पण का ही प्रभाव है कि सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। इसी चमत्कारी प्रभाव से दादाबाड़ी को चमत्कारी जैन दादाबाड़ी कहा जाता है। ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद ने पूजा विधान को शुरू करते हुए कहा कि सबसे पहले नारियल, अक्षत समर्पण के साथ लाभार्थी परिवार ने संगीतमय बड़ी पूजा का आगाज सुप्रसिद्ध भजन गायक वर्धमान चोपड़ा ने गुरु पार्टिख सूर तरु रूप सुगुरु दूजो तो नहीं का साथ किया..., गाते हुए लोगों को भक्तिमय माहौल दिया।

### संगीतमय चौपाइयों के साथ लाभार्थी परिवार ने की पूजा

*ट्रस्ट के महासचिव महेंद्र कोचर ने बताया कि सर्वप्रथम अष्ट प्रकारी पूजा के आठ विधान क्रमशः जल, चंदन, पुष्प, धूप ,दीप, अक्षत, नैवेद्य ,फल के साथ पूर्ण विधान व संगीतमय चौपाइयों के साथ लाभार्थी परिवार ने किए। इस अवसर पर खरतरगच्छ युवा परिषद द्वारा प्रकाशित कैलेंडर का विमोचन ट्रस्टी नीलेश गोलछा व डॉ. योगेश बंगानी की उपस्थिति में दादा गुरुदेव के दिव्य आशीर्वाद से किया गया। शनिवार को भक्तिमय पूजा महोत्सव में दीप्ति बैद ने भी कैसे कैसे अवसर में गुरु राखी लाज हमारी, मोको सबल भरोसा तेरा चंद्रसुरी पट्टधारी, की गुरु महिमा का वर्णन करते हुए भजनों से भक्त परिवारों को आस्था का माहौल दिया।*

### छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग उद्यमियों को मंच देने उपलब्ध करा रही जगह

# उद्यमी महिलाओं को होममेड प्रोडक्ट बेचने, स्टाल सजाने-डिस्प्ले के लिए महीने में दो दिन दे रहे अवसर

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** उद्यमी महिलाओं की प्रतिभा को निखारने और उनके द्वारा तैयार किए गए होम मेड प्रोडक्ट को बेचने, डिस्प्ले करने के लिए हर महीने में दूसरे और चौथे बुधवार को मैग्नेटो मॉल में जगह उपलब्ध कराने का दायित्व निभाने की परंपरा रंग लाने लगी है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला विंग एवं अविनाश ग्रुप के तत्वाधान में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए पहल की जाती है। महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इला गुप्ता, कोषाध्यक्ष नम्रता अग्रवाल सहित विंग की सभी पदाधिकारियों द्वारा किए जा रहे संयुक्त प्रयास को अब रिस्पांस भी मिलने लगा है। "बाजार हमारे सपनों का" इसका आगाज होने घरों में खुद उत्पाद तैयार करने वाली महिलाओं को अब प्रोडक्ट को बेचने के लिए बाजार की चिंता खत्म होने लगी है। अब सुबह से शाम तक स्टाल सजाने से उद्यमी महिलाओं को आर्डर भी मिलने लगे हैं।




### ...लेकिन उनको सही प्लेटफॉर्म नहीं मिल रहा था

*विंग की प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि बाजार में हर प्रकार की वस्तुएं उपलब्ध होती हैं। कपड़े, जूट के बैग्स, फाइल फोल्डर, रोजमर्रा में काम आने वाले घरेलू प्रोडक्ट को ज्यादा पसंद किया जाता है। इस बाजार में देखने के लिए पहुंचने वाले लोग भी उद्यमियों को बल्क में आर्डर करते हैं। महिला चैंबर अध्यक्ष डॉ. इला गुप्ता ने बताया कि यह सिर्फ एक बाजार नहीं, बल्कि उन सभी महिला उद्यमियों के सपनों को साकार करने का एक मंच है, जो अपने पैरों पर खड़ा होना चाहती हैं। हमने महसूस किया कि कई महिलाओं के पास प्रतिभा और उत्कृष्ट उत्पाद हैं, लेकिन सही प्लेटफॉर्म नहीं मिल रहा था, इसीलिए महिला चैंबर ने यह पहल किया है। इसका उद्यमी महिलाओं से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।*

### पसंद की खरीदारी करने बाजार का इंतजार

उद्यमी महिलाओं का उत्साह कम नहीं हो रहा है। उनमें बाजार सजाने को लेकर जज्बा देखते ही बनता है। सभी महिलाऐं अपनी पूरी तैयारी के साथ नियत समय पर मैग्नेटो मॉल पहुंचकर अपना बाजार सजाती है। उनके चेहरे की रौनक और उनका उत्साह कम नहीं हो रहा है। उस पर सोने पर सुहागा यह है कि आम जनता भी आंगन बाज़ार का आनंद लेने के लिए मैग्नेटो मॉल पहुंचती है। लोग अपनी पसंद की खरीदारी करने के लिए इस बाजार का इंतजार करते हैं। और बहुत अच्छा परिणाम बाजार लगाने वाली महिलाओं को मिल रहा है। महिला विंग से मिली जानकारी के तहत वर्तमान में 200 उद्यमी महिलाओं को मॉल में बाजार सजाने का अवसर दिया जाता है।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### मुश्किल में फंसे एक्टर विल, वायलिन प्लेयर ने लगाए कई गंभीर आरोप



हॉलीवुड अभिनेता विल स्मिथ अब कानूनी पचड़े में फंस गए हैं। उनके पूर्व साथी वायलिन प्लेयर ने उन पर यौन उत्पीड़न समेत कई गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। 'बैड बॉयज' और 'मेन इन ब्लैक' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर हॉलीवुड अभिनेता विल स्मिथ पर गंभीर आरोप लगे हैं। अभिनेता पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगे हैं। उनके 'बेस्ड ऑन अ ट्रू स्टोरी 2025' टूर की एक वायलिन वादक ने हॉलीवुड स्टार और उनकी मैनेजमेंट कंपनी पर दुर्व्यवहार और गलत तरीके से बर्खास्तगी का आरोप लगाया है। ये आरोप वायलिन प्लेयर ब्रायन किंग जोसेफ नाम के व्यक्ति ने लगाए हैं। ब्रायन किंग जोसेफ ने 'बेस्ड ऑन अ ट्रू स्टोरी 2025' टूर के दौरान स्मिथ के साथ परफॉर्मेंस दी थी। उन्होंने अब लॉस एंजिल्स की एक अदालत में अभिनेता और उनकी मैनेजमेंट फर्म ट्रेबॉल स्टूडियोज मैनेजमेंट के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। 31 दिसंबर को दायर किए गए इस मुकदमे में मार्च में टूर के लास वेगास स्टॉप के दौरान हुई एक घटना के बाद यौन उत्पीड़न, बदला और गलत तरीके से बर्खास्तगी का आरोप लगाया गया है। वैरायटी के मुताबिक, शिकायत में जोसेफ का दावा है कि जब वह स्मिथ की कंपनी द्वारा बुक किए गए अपने होटल के कमरे में लौटे, तो उन्हें ऐसे संकेत मिले कि कोई उनकी सहमति के बिना कमरे में घुस गया था। उनका आरोप है कि उन्हें वहां एक उत्तेजक संदेश, वाइप्स, एक बीयर की बोतल, किसी अन्य व्यक्ति को दी गई एचआईवी की दवा और अस्पताल से छुट्टी के कागजात मिले। इनके साथ एक नोट भी मिला, जिस पर लिखा था, 'ब्रायन मैं 5:30 बजे से पहले वापस आ जाऊंगी, सिर्फ हम दोनों।' इस पर एक दिल बना हुआ था और स्टोन एफ नाम लिखा था। वायलिन वादक ने आगे कहा कि उन्होंने तुरंत होटल की सिक्योरिटी को इसके बारे में बताया और स्मिथ की टीम को भी सतर्क किया। उन्होंने नान-इमरजेंसी पुलिस हेल्पलाइन पर भी मामले की सूचना दी। हालांकि, मुकदमे में दावा किया गया है कि टूर के मैनेजमेंट ने उन पर घटना के बारे में झूठ बोलने का आरोप लगाया।

## टॉलीवुड

### नेचुरल स्टार नानी का फैंस को खास तोहफा, 'द पैराडाइज' का पोस्टर जारी



साउथ अभिनेता नानी फिल्म 'द पैराडाइज' में जदल की भूमिका में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर जारी कर नानी के फैंस को खुश कर दिया है। इस नए पोस्टर में नानी का एक शक्तिशाली और खतरनाक अवतार देखने को मिल रहा है।

आज नानी की फिल्म 'द पैराडाइज' से उनका एक नया पोस्टर जारी किया गया, जिसमें नानी लाल रंग के चश्मे, भारी धातु की जंजीरें और काला पहनावा पहने हुए हैं। यह सभी पोस्टर में दिखाई दे रहा हैं। पोस्टर देखकर लग रहा है कि यह फिल्म का कोई एक्शन सीन है, क्योंकि नानी के पीछे कई लोग जमीन पर गिरे हुए नजर आ रहे हैं। 'द पैराडाइज' के बारे में

'द पैराडाइज' का निर्देशन श्रीकांत ओडेला कर रहे हैं। 'द पैराडाइज' में नेचुरल स्टार नानी मुख्य भूमिका में हैं। 'दशहरा' फेम श्रीकांत ओडेला द्वारा निर्देशित इस फिल्म को एसएलवी सिनेमाज बैनर के तहत सुधाकर चेरुकुरी निर्मित कर रहे हैं। 'द पैराडाइज' एक एक्शन ड्रामा फिल्म है। नानी, मोहन बाबू और संपोर्नेश बाबू के पहले जारी किए गए फर्स्ट लुक पोस्टर को शानदार प्रतिक्रिया मिली। यह फिल्म 26 मार्च, 2026 को तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़, मलयालम, बंगाली, अंग्रेजी और स्पेनिश भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## भोजपुरी

### प्रमोद और प्रीति का नया गाना रिलीज, यूट्यूब पर उड़ा दिया गर्दा



भोजपुरी स्टार प्रमोद प्रेमी यादव का प्रीति मौर्या के साथ गाना रिलीज हुई है, जिसने यूट्यूब पर गर्दा उड़ा दिया है। यह गीत प्यार, भरोसे और सच्चे रिश्तों की गहराई को बेहद सादगी और संवेदनशीलता के साथ पेश करता है। भोजपुरी संगीत जगत के सुपर स्टार प्रमोद प्रेमी यादव का नया रोमांटिक गीत 'पियवा के मन ना डोलल' रिलीज़ होते ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बना रहा है। अपनी सुरीली और भावुक आवाज़ के लिए पहचाने जाने वाले प्रमोद प्रेमी ने इस गाने के जरिए एक बार फिर साबित कर दिया है कि वे प्रेम और भावनाओं को गीतों में बखूबी उतारने की कला जानते हैं। यह गीत प्यार, भरोसे और सच्चे रिश्तों की गहराई को बेहद सादगी और संवेदनशीलता के साथ पेश करता है। गाने के बोल रवि यादव ने लिखे हैं, जो सीधे दिल को छू जाते हैं। वहीं, संगीतकार विक्की वॉक्स का मधुर संगीत गीत की भावनात्मक ताकत को और बढ़ा देता है। 'पियवा के मन ना डोलल' एक ऐसा गीत है, जिसे सुनते ही श्रोताओं को अपने जीवन के रिश्तों की सच्चाई और विश्वास की अहमियत का एहसास होता है। यही वजह है कि रिलीज़ के कुछ ही समय में यह गाना यूट्यूब और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल होने लगा है। इस गीत में प्रमोद प्रेमी यादव के साथ अभिनेत्री प्रीति मौर्या नजर आ रही हैं। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। प्रमोद और प्रीति की जोड़ी ने गीत में प्यार, अपनापन और भावनात्मक जुड़ाव को इतने स्वाभाविक अंदाज़ में दिखाया है कि दर्शक खुद को कहानी से जुड़ा हुआ महसूस करने लगते हैं। उनकी आंखों की भाव-भंगिमा और सहज अभिनय गाने को और भी खास बना देता है। यह गाना न सिर्फ संगीत प्रेमियों को लुभा रहा है, बल्कि उन लोगों के लिए भी खास है।

## लाइफ स्टाइल

### बहार की तैयारी



> वसंत 2026 के लिए फ्लोरल फैशन तो तो कमाल की बात है। मशहूर मॉडल मिरांडा प्रीस्टली ने द डेविल वियर्स प्राडा में कुछ ऐसी ही बातें कही है और डिज़ाइनर्स भी ऐसा ही सोचते हैं। डिजाइनर सैंडी लियांग ने क्लासिक स्प्रिंग पैटर्न को प्रेयरी जैसी ड्रेसेस के साथ पेश किया है जबकि पैटबो ने 3 डी लाल और गुलाबी ब्रैलेट्स के साथ फ्लोरल को बढ़ावा दिया, जिन्हें उसी प्रिंट की ध्यान खींचने वाली स्कर्ट के साथ पेयर किया गया था।

## सर्दियों में रखें नाखूनों का ध्यान, वरना होगी बड़ी परेशानी



सर्दियों में अक्सर देखा जाता है कि सर्दियों के मौसम में नाखून काफी रूखे हो जाते हैं। इसी के चलते उनका ध्यान रखना भी काफी जरूरी होता है। अगर आप नाखूनों का ध्यान नहीं रखेंगे, तो ये टूटने लगते हैं। इनकी नमी बरकरार रखना बेहद जरूरी हो जाता है।

इसके लिए आप नारियल के तेल या फिर बादाम के तेल से अपने नाखूनों को मॉइस्चराइज कर सकते हैं।अगर आप अपने नाखूनों पर हमेशा बेस कोट लगाकर रखेंगे, तो ये आपके नाखूनों को धूल और गंदगी से बचा कर रखेगा। इससे नाखून मजबूत भी होते हैं। कई बार ऐसा होता है कि हम नाखून साफ करते वक्त क्यूटिकल्स को काट देते हैं, लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। क्यूटिकल्स को काटने की बजाय उसपर लोशन या क्यूटिकल क्रीम लगाकर उनका ध्यान रखें। अगर आप अपने नाखूनों का ध्यान सही से रखना चाहते हैं, तो नींबू के साथ बेकिंग सोडा या अंडे और शहद को मिलाकर अपने नाखूनों पर लगा सकते हैं। नाखूनों के लिए ये बेहतर नेल मास्क है।

कोशिश करें, कि सर्दियों के मौसम में पानी में ज्यादा नाखूनों को ना भिगोएं। अगर आप ऐसा करेंगे, तो नाखूनों में ड्राईनेस हो सकती है। इससे नाखून कमजोर हो सकते हैं।अगर आप सर्दियों में हमेशा नेल पेंट लगाकर रखेंगी, तो इससे आपके नाखूनों को सांस लेने में परेशानी होगी। ऐसे में अपने नाखूनों को बीच-बीच में बिना नेल पेंट के रहने दें। सर्दियों में स्किन के साथ ही नाखून भी ड्राइनेस का शिकार होते हैं। हाथों पर बार-बार लगता पानी और साबुन उन्हें रफ बनाने के साथ ही कमजोर भी बना देते हैं। ऐसे में नाखून कई बार टूट जाते हैं। इस स्थिति से बचने के लिए सर्दियों में आप अपने नाखूनों का इन टिप्स की मदद से ख्याल रख सकते हैं:

### मॉइस्चराइजर

हाथों पर मॉइस्चराइजर लगाने के दौरान नाखुनों पर भी ध्यान दें। उसके आसपास अच्छे से लोशन या क्रीम लगाएं और स्किन में अब्सॉर्ब होने दें। रात को सोते समय हैंड क्रीम जरूर लगाएं। अगर आपको दिन में समय मिले तब भी हैंड क्रीम का इस्तेमाल करें और थोड़ी मोटी लेयर नाखूनों और उसके आसपास की स्किन पर रहन दें। इससे स्किन के उखड़ने या नाखून के ड्राई होने जैसी परेशानी नहीं होगी।

### गर्म पानी

ठंड में नल से भी ठंडा पानी आता है। हर बार गर्म पानी से हाथ धोना संभव नहीं होता। बार-बार ठंडे पानी के संपर्क में आने पर नाखूनों को नुकसान होता है। सप्ताह में एक बार नाखून को गर्म पानी में डूबाएं।

## सर्दियों में दिखना है स्टाइलिश तो इन अभिनेत्रियों के लुक्स पर डालें एक नजर



जब गर्मी का मौसम चल रहा होता है, तो लोगों के पास स्टाइलिश दिखने के कई विकल्प होते हैं लेकिन जब बात सर्दियों की आती है तो ये दुविधा आ ही जाती है कि कैसे कपड़े पहनकर खुद को स्टाइलिश दिखा सकते हैं। दरअसल, सर्दी के मौसम में स्टाइल दिखने के साथ-साथ सर्दी से बचाव करना भी बेहद जरूरी होता है। अगर आप अपना ध्यान नहीं रखेंगे तो तबियत खराब होने की संभावना भी रहती है। ऐसे में स्टाइलिश दिखने के साथ स्वास्थ्य का ध्यान रखने की भी काफी जरूरत होती है। अगर आप भी कुछ ऐसा ही लुक कैरी करने का सोच रहीं हैं जो स्टाइलिश भी दिखे और जिसे कैरी करने के बाद आपको सर्दी भई ना लगे तो आज का लेख आपके लिए है। हम आपको कुछ ऐसी अभिनेत्रियों के विंटर लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जो बेहद स्टाइलिश हैं। ये अभिनेत्रियां अक्सर विदेश में ही रहती हैं, ऐसे में इनके लुक्स काफी प्यारे होते हैं।



### सोनम कपूर

अगर आपको ड्रेस पहनना पसंद है तो सर्दियों में भी इस तरह की वुलेन ड्रेस के साथ आप ऐसा कोट कैरी कर सकती हैं। इसके साथ लॉग बूट्स बेहद क्लासी लुक देंगे।

### स्कर्ट-टॉप लुक

सोनम कपूर को बॉलीवुड की स्टाइलिश डीवा कहा जाता है। ऐसे में आप उनके विंटर कलेक्शन से टिप्स ले सकती हैं। उनका ये स्कर्ट-टॉप लुक भी सर्दियों के हिसाब से काफी प्यारा है। आप इसके साथ ओवर कोट पहन सकती हैं।

### परिणीति चोपड़ा

एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा अक्सर विदेश में ही रहती हैं। ऐसे में उनके विंटर लुक्स बेहद कमाल के होते हैं। अगर आप भी उनकी तरह दिखना चाहती हैं तो ब्लैक लैगिंग्स के साथ इसी तरह का स्वेटर काफी प्यारा लुक देता है।

### ओवर कोट के साथ पहनें कैप

इस तरह का ओवर कोट आजकल काफी चलन में है। ऐसे में आप इस तरह को ओवर कोट के साथ जींस पहन सकते हैं। इसके साथ कैप पहनकर आपका लुक और भी ज्यादा खूबसूरत दिखेगा।

### प्रियंका चोपड़ा

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपने लुक्स की वजह से हमेशा लोगों की सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उनका हर लुक काफी क्लासी होता है।

## तुरंत जाना है पार्टी में तो इस तरीके से करें मेकअप



अगर आपको अचानक से पार्टी का बुलावा आ जाए तो मेकअप में कुछ परेशानी होती है। लेकिन वक्त को देखते हुए आप कुछ टिप्स के साथ बेहतर मेकअप कर सकती हैं।

मेकअप से पहले चेहरे को अच्छे तरीके से मॉइस्चराइज करें ताकि आपकी त्वचा चमकदार और स्वस्थ लगे। मेकअप से पहले त्वचा पर प्राइमर लगाना भी फायदेमंद होता है।

### फाउंडेशन

इसके बाद अपनी स्किन टोन के हिसाब से एक अच्छा फाउंडेशन चुनें और इसे अच्छी तरह से ब्लेंड करें। ध्यान रखें कि इसकी मात्रा ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

### कंसीलर

आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स या चेहरे के किसी अन्य हिस्से को कवर करने के लिए कंसीलर इस्तेमाल करें। इससे आपके चेहरे के दाग-धब्बे छिप जाएंगे।

### आंखों का मेकअप

पार्टी के लिए स्मोकी आंखें, न्यूड लुक या बोल्ड आंखों का मेकअप चुनें। बस इस बात का ध्यान रखें कि आंखों का मेकअप अच्छी तरह के ब्लेंड हो चुका हो।

### गालों पर लगाएं ये

मेकअप पूरा करने के लिए चेहरे पर ब्लश और हाइलाइटर लगाकर आप अपने चेहरे की चमक बढ़ा सकते हैं।

## इस बीज के इस्तेमाल से सिल्की बनेंगे आपके बाल



अलसी जिसे हम फ्लैक्सीड के नाम से भी जानते हैं, यह ना केवल खाने बल्कि बालों को मजबूत, स्मूथ और शाइनी बनाने के काम भी आता है। इस बीज में प्रोटीन, ओमेगा -3 फैटी एसिड, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन ई, विटामिन बी, मैगनीशियम, मैंगनीज और सेलेनियम आदि जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो बालों के लिए काफी लाभदायक हैं।

इसी के चलते आज हम आपको बालों में इसका इस्तेमाल करना बताएंगे। अगर आप अलसी के बीजों का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो सबसे पहले पानी को उबाल कर उसमें दो बड़े चम्मच अलसी के सीड्स डालें। अब इसे 7-8 मिनट तक अच्छे से उबालें।जब पानी गाढ़ा होने लगे तो इसे सही से छान लें। अब इस छाने हुए पानी में एक छोटी चम्मच एलोवेरा जेल और एक चम्मच नारियल का तेल मिलाएं। इन सब चीजों को मिलाने के बाद कुछ बूंदे एसेंशियल ऑयल की मिला दें। अब इसका स्मूद पेस्ट बन कर तैयार हो जाएगा। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले अपने बालों को छोटे-छोटे भागों में बांट लें। इसके बाद इसे बालों में लगाना शुरू करें। अच्छी तरह से जेल को बालों में लगाकर इसे कम से कम 20 मिनट ऐसे ही छोड़ दें। अब आप इसे सही तरह से धो सकते हैं। यदि आपके बाल कर्ली हैं तो इसे जरूर लगा कर देखें। घुंघराले बालों की स्मूदनेस को बरकरार रखने के लिए अलसी के बीज काफी फायदेमंद हैं। इसके साथ ही अलसी के बीजों में विटामिन, पोषक तत्व और हेल्दी फैट का मिश्रण होता है, जिसकी वजह से बालों का झड़ना बेहद कम हो जाता है। वहीं इससे बाल स्ट्रेट भी दिखाई देते हैं।

## कार्नर न्यूज

### मेंस फैशन में स्टाइल भी होनी चाहिए नई

## ड्रेसिंग के ये तरीके अपनाएं लड़के, आपके ट्रेंडी और स्टाइलिश लुक पर फिदा हो जाएंगे लोग

लड़के भी स्टाइलिश दिखना चाहते हैं। परफेक्ट लुक के लिए लड़कियां हों या लड़के सभी अपने अपने तरीके से ट्रेंडी फैशन का अपनाते हैं। ड्रेसिंग स्टाइल से लेकर फुटवियर और एक्सेसरीज को कैरी करके सबसे बेस्ट दिखने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। फैशन ट्रेंड बदलता रहता है। समय और मौके के मुताबिक कपड़ों का चयन आपको फैशनेबल बनाता है। बात लड़कों के फैशन की करें तो लड़कियों के मुकाबले लड़कों के पास कम विकल्प होते हैं। लेकिन स्टाइलिश दिखने के लिए वह भी अपने तरीके से ड्रेस अप होने और खुद को प्रेजेंट करने का काम करते हैं। अगर आप अपनी पर्सनेलिटी को स्टाइलिश और फैशनेबल तरीके से लोगों के सामने प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आपके लिए कुछ टिप्स हैं। लड़कों को ड्रेसअप होते समय ड्रेसिंग स्टाइल के कुछ नियम को आजमाना चाहिए, जिससे वह स्टाइलिश और परफेक्ट लुक पा सकेंगे। ये रहे लड़कों के स्टाइलिश दिखने के लिए टिप्स।

### सही साइज के कपड़े पहनें

आप कितने भी महंगे या ब्रांडेड कपड़े पहन लें, लेकिन अगर वह आपके बॉडी पर परफेक्ट तरीके से फिट नहीं होते तो उनसे आपका लुक खराब हो जाएगा। किसी भी कपड़े को कैरी करने से पहले आपको अपनी बॉडी टाइप और साइज की सही जानकारी होनी चाहिए। अधिक टाइट या लूज कपड़ों से आपका लुक बेकार लगता है और आप असहज भी महसूस करते हैं।

### कपड़ों के रंग का सही चयन करें

कपड़ों के रंग के सही चयन से भी आप स्टाइलिश दिख सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप पर किस रंग के कपड़े जचेंगे, इस बात की जानकारी हो। कपड़ो की मैचिंग भी सही होनी चाहिए। जैसे आपकी पैंट या जींस के रंग पर किस रंग की शर्ट, टी-शर्ट परफेक्ट मैच करेगी। सूज के कलर को भी मैच कराएं।



### कपड़ों को सही ढंग से रखें

परफेक्ट लुक के लिए जरूरी है कि जो भी कपड़े आप पहन रहे हैं वह प्रेजेंटेबल हों। यानी सही ढंग से फोल्ड किए हों या आयरन हों। कपड़े का रंग न उतरा हो और चमक व नयापन बना रहें। इसके लिए वार्डरोब को व्यवस्थित करते रखें। कपड़ों में सिलवटें हो तो उसे बिना आयरन किए न पहनें।

### हेयरस्टाइल और शेव पर भी दें ध्यान



कहते हैं कि पहला इंप्रेशन ब्यूटी होता है। लोग आपके लुक्स को देखते हैं, इसलिए परफेक्ट लुक के लिए अपने हेयरस्टाइल का ध्यान रखें। ट्रेंडी और आप के फेस कट पर सूट करने वाली हेयर स्टाइल लें। इसके अलावा आपको बियर्ड लुक चाहिए या क्लीन शेव रहना है, उसके मुताबिक खुद को मेंटेन करें।

### शूज और एक्सेसरीज

आपके फुटवियर कपड़ों और मौके के मुताबिक हों। जैसे फॉर्मल कपड़ों पर किस तरह के शूज कैरी करने हैं? एथनिक वियर पर कैसे फुटवियर हों? ऑफिस या किसी पार्टी में आपके आउटफिट के मुताबिक शूज हों।